जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 27 संख्याः 336 प्रभात अजमेर, शुक्रवार 7 जुलाई, 2023 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.




*बर्ड ऑफ पैरडाइज़ समूह की एक प्रजाति ''क्रिंकल कॉलर्ड मैनुकोड'' न्यू गिनी और वैस्ट पापुआ के मिसूल द्वीप के पहाड़ी और मैदानी भागों के जंगलों में मिलती है। इस प्रजाति के पक्षियों का प्रमुख भोजन फल और अंजीर है। अपने प्राकृतिक आवास में दूर-दूर तक फैले और बड़ी संख्या में नज़र आने वाले इन पक्षियों को इंटरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन) की रैड लिस्ट में ''लीस्ट कन्सर्न'' (कम चिंताजनक) वर्ग में रखा गया है तथा ये, जानवरों के अवैध व्यापार को लेकर हुई संधि, सी.आई.टी.ई.एस. में भी अधिसूचित हैं। मध्यम आकार के ये पक्षी 36 सेंटीमीटर तक लम्बे होते हैं। नीली-हरी तथा काली व बैंगनी आभा वाले इन पक्षियों की मुख्य पहचान है, लम्बी पूंछ और आँखों की सुर्ख लाल पुतलियाँ। इनकी छाती के पंख चमकदार हरे रंग के होते हैं। सबसे खास बात यह है कि, नर और मादा लगभग एक जैसे दिखते हैं, बस मादा थोड़ी छोटी होती है और उसका बैंगनी रंग कुछ हल्का होता है। यह प्रजाति देखने में जोबी मैनुकोड जैसी लगती है। लेकिन क्रिंकल कॉलर्ड मैनुकोड चिड़ियाँ मूलतः ऊंचे भागों में मिलती हैं और इनके सिर पर एक खास तरह का उभार होता है।*

# 'पार्टी विधानसभा चुनाव गहलोत के चेहरे, बैनर व नेतृत्व में नहीं लड़ेगी'

## कांग्रेस की भारी-भरकम मीटिंग, जिसमें खड़गे, राहुल गांधी जैसे वरिष्ठतम नेता भी मौजूद थे, में यह स्पष्ट निर्णय हुआ

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। राजस्थान विधानसभा के आगामी चुनाव में कांग्रेस का ''चीफ मिनिस्टर का कोई चेहरा नहीं होगा।''

पार्टी अशोक गहलोत के चेहरे, बैनर या नेतृत्व के तले चुनाव नहीं लड़ेगी, हालांकि वे मुख्यमंत्री हैं।

यह अशोक गहलोत के लिए एक बड़ा झटका है, जो खुद को पार्टी के लिए एक मात्र विकल्प बता चुके हैं।

सचिन पायलट की भावी भूमिका के बारे में भी पार्टी के इस सैक्शन ने कोई जवाब नहीं दिया जो मीडिया के सम्पर्क में है। सवाल है कि क्या सचिन को ए.आई.सी.सी. महासचिव के रूप में नई दिल्ली लाया जा रहा है।

सचिन पायलट के करीबी सूत्रों ने कहा कि वे राजस्थान में अपनी जगह छोड़कर दिल्ली क्यों आएंगे। ये प्रस्ताव तो गत दो साल से आ रहे हैं और वे दिल्ली आने से लगातार इन्कार कर रहे हैं। ए.आई.सी.सी. सूत्रों ने कहा कि सचिन पायलट को क्या भूमिका दी जाएगी, इस पर अभी भी विस्तृत चर्चा होनी बाकी है, क्योंकि अभी उनका फोकस नेतृत्व द्वारा उनकी तीन मांगों को स्वीकार करवाए जाने पर है।

समझा जाता है कि चुनाव तैयारी में उनकी भूमिका पर चर्चा शुरु हो गई है।

लेकिन यह भी स्पष्ट है कि उन्हें जो भी पद दिया जाएगा उससे गहलोत व उनके बीच संतुलन आएगा। उससे अशोक गहलोत और उनके बीच संतुलन आएगा साथ ही टिकट वितरण से भी उन्हें तवज्जो मिलेगी।

इसके लिए उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष या उप मुख्यमंत्री का पद दिया जाएगा जैसा, छत्तीसगढ़ में किया गया

- **पर, बैठक में सचिन पायलट की भूमिका के बारे में भी कोई स्पष्ट सोच सामने नहीं आया, हालांकि खड़गे ने गहलोत पर, जो ज़ूम से बैठक में भाग ले रहे थे, कटाक्ष जरूर किया, ''गहलोत जी, पट्टियां उतारिये तथा चुनाव अभियान में उतरिये।''**
- **राहुल गांधी ने भी गहलोत सरकार के कामकाज के प्रति, ''नाराज़गी'' दिखायी और कहा कि, सरकार अच्छी स्कीम लायी है, पर, अफसर सरकार चला रहे हैं, जबकि, सरकार कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की होनी चाहिये और उनकी सरकार में चलनी चाहिये। राहुल ने इसी लय में यह भी कहा कि, कांग्रेस तेलंगाना, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में जीत रही है, पर राजस्थान में कई मुद्दे हैं, जिन पर चिंता है।**
- **हालांकि बैठक में यह भी कहा गया कि, पार्टी के उम्मीदवारों के चयन में ''जिताऊ'' होना मुख्य मापदण्ड होगा, पर वर्तमान विधायकों के खिलाफ ''भारी एन्टीइकम्बैंसी'' है, क्योंकि गहलोत ने विधायकों की वफादारी जीतने के लिये उन्हें खुली छूट दे रखी थी।**
- **इस स्थिति में ऐसा माना जा रहा है कि, कांग्रेस कम से कम 80 वर्तमान विधायकों के टिकट काटेगी।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# प्र.मंत्री मोदी ने भाजपा मंत्रियों व नेताओं से मुलाकात का दूसरा दौर पूरा किया

## राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के विधानसभा चुनाव की दृष्टि से मंत्रिमण्डल व संगठन में चुनाव पर चर्चा हुई

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने निवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक और बैठक की जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष शामिल हुए। ये बैठकें 28 जून से लगातार हो रही हैं।

हालांकि इस बैठक का उद्देश्य केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में फेरबदल बताया जा रहा है लेकिन सूत्रों के अनसार गुरुवार की बैठक वर्ष के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले चुनाव के मद्देनज़र पार्टी में फेरबदल के संबंध में थी। ये परिवर्तन इस सप्ताह पूरे होने वाले थे, मगर वे महाराष्ट्र के घटनाक्रम के कारण टल गए, जहाँ एन.सी.पी. नेता अजीत पवार ने गत रविवार शिव सेना-भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल हो अपने चाचा शरद पवार को झटका दे दिया।

प्रधानमंत्री ने सोमवार शाम अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के काम की समीक्षा की। लेकिन उन्होंने फेरबदल को टाल दिया ताकि पहले एन.सी.पी. का संकट निपट जाए।

दो दिन पहले ही भाजपा ने चार राज्यों में नए अध्यक्ष नियुक्त किए, जिनमें तेलंगाना में केन्द्रीय राज्य मंत्री किशन रेड्डी शामिल है। सूत्रों का कहना है कि छह और राज्यों के अध्यक्ष बदले जाएंगे- गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक।

ऐसी अटकलें हैं कि कई केन्द्रीय मंत्रियों को राज्यों में जिम्मेदारी दी जा सकती है। आधा दर्जन मंत्रियों की 4 और 5 जुलाई को भाजपा अध्यक्ष जे.पी.

- **यह फेरबदल इस सप्ताह के अंत तक पूरे हो जाने थे, पर, महाराष्ट्र में अजीत पवार व उनके साथियों की शरद पवार के खिलाफ बगावत व एन.डी.ए. सरकार में शामिल होने से मचे हडकम्प के कारण थम गये थे।**
- **निर्मला सीतारमन, ज्योतिरादित्य सिंधिया, अर्जुन मेघवाल, भूपेन्द्र यादव, किरण रिजिजू, प्र.मंत्री मोदी से इस संदर्भ में मिले।**
- **अर्जुन मेघवाल व भूपेन्द्र यादव को राजस्थान के मु.मंत्री के रूप में देखा जा सकता। पर, अभी भाजपा हाई कमान वसुंधरा राजे की भूमिका के बारे में निर्णय नहीं ले पायी है। उन्हें केन्द्रीय मंत्री भी बनाया जा सकता है, उनका दबाव अन्यत्र शिफ्ट करने के लिये।**
- **एक ब्राह्मण नेता को भी केन्द्रीय मंत्री बनाया जा सकता है, जिसमें दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी का नाम सबसे आगे है। कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा को भी मंत्री बनाने की काफी चर्चा है।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)






# गृह मंत्री की संसदीय समिति की बैठक से विपक्ष का वॉक आउट

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। संसद का मानसून सत्र कितना तूफानी होगा, इसकी झलक कल उस समय मिल गई, जब विपक्षी सदस्य ''पार्लियामैन्ट्री स्टैण्डिंग कमेटी ऑन होम'' की मीटिंग से उस समय वॉक आउट कर गये, जब मणिपुर की स्थिति पर चर्चा करने की उनकी माँग को पैनल चीफ ने अस्वीकार कर दिया।

- **विपक्ष ने यह कदम इसलिए उठाया, क्योंकि पैनल प्रमुख ने, मणिपुर के हालात पर चर्चा करने की उनकी मांग स्वीकार नहीं की।**

सूत्रों ने कहा कि, राज्यों में जेल-सुधार पर चर्चा करने के लिये बुलाई गई उस मीटिंग में, टी.एम.सी. के डैरेक ओ'ब्रायन, कांग्रेस के दिग्विजय सिंह तथा प्रदीप भट्टाचार्य ने पैनल चेयरमैन बृजलाल को अपने पत्र सौंपते हुये कहा कि इस कमेटी के सदस्यों के रूप में वे मणिपुर की स्थिति की अनदेखी नहीं कर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ममता बनर्जी एक दम चुप क्यों हो गयीं?

## चुप्पी का एक कारण तो है, राष्ट्रीय नेता बनने की उनकी महत्वकांक्षा को धक्का लगना, महाराष्ट्र के घटनाक्रम से

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। तृणमूल कांग्रेस की तेज-तर्रार सुप्रीमो ममता बनर्जी की महाराष्ट्र के घटनाक्रम पर चुप्पी विपक्षी एकता को गहरे आघात का संकेत है।

उनकी खामोशी यह भी बताती है कि कुछ दिन बाद होने वाले राज्य के ग्रामीण चुनाव उनके लिए राष्ट्रीय राजनीति से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। यह एक तरह से उनके लिये अस्तित्व का संकट है।

आरंभ में उन्होंने महाराष्ट्र के वरिष्ठ राजनेता शरद पवार का समर्थन किया था मगर उसके बाद से वे चुप हैं।

यह सही है कि वे ग्रामीण चुनावों की पृष्ठभूमि में राज्य के राजनीति में व्यस्त हैं, जिनसे नियंत्रण की ज़मीनी संस्थाओं पर कब्जा होगा। पंचायत चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इन संस्थाओं के पास ज़मीनी स्तर पर भारी संसाधन हैं और वे लोगों पर उपकार कर सकती हैं।

ममता बनर्जी 2011 में राज्य विधानसभा चुनाव में बहुमत से जीतकर सत्ता में आई थीं। लेकिन उससे पहले उन्होंने नगर पालिकाओं और पंचायतों पर वाम मोर्चे के गठबंधन से सत्ता छीनी थी। 2011 के विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत एवं ग्रामीण चुनावों में

- **ममता बनर्जी ने शरद पवार को पूरा समर्थन दिया था, विपक्ष की एकता की मुहिम में, पर, महाराष्ट्र में शरद पवार को झटका लगने से वे चुप हो गयी हैं।**
- **दूसरा कारण है, बंगाल में पंचायत व म्युनिसिपैलिटी के चुनाव। ये चुनाव ममता बनर्जी के लिये भारी महत्व रखते हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में अपना प्रभाव व अधिपत्य बरकरार रखने के लिये।**
- **2011 में ममता बनर्जी ने पहली बार वामपंथियों को हराकर, बंगाल में सरकार बनायी थी, पर, विधानसभा में जीत की नींव रखी गयी थी। पंचायत व म्युनिसपैल्टी चुनाव में, जहां ममता बनर्जी ने वामपंथियों को हराकर, पहली बार भारी जीत हासिल की थी।**
- **कार्यकर्ता व कैडर की वफादारी जीतने के लिये, ये पंचायत व म्युनिसिपैलिटी चुनाव में धन उपलब्ध कराते हैं, स्थानीय ठेकों व छोटे-मोटे टैन्डर के काम से।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# हाई कोर्ट ने करतार पुरा नाले पर सरकार से शपथ पत्र मांगा

जयपुर, 6 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि करतारपुरा नाले से अतिक्रमण हटाने और उसके पुनरुद्धार को लेकर हर तीन महीने में शपथ पत्र पेश कर किए गए कार्यों की जानकारी दे। जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव व प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश राजेन्द्र प्रसाद शर्मा की जनहित याचिका पर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को कहा कि यह मामला

- **हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार को आदेश दिया कि, हर तीन माह में शपथ पत्र पेश कर बताया जाए कि, नाले से अतिक्रमण हटाने व पुनरोद्धार के लिए क्या-क्या किया गया है।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'मैं 82 वर्ष का हूँ या 92 का, क्या फर्क पड़ता है, क्योंकि अभी भी ''इफैक्टिव'' हूँ'

## शरद पवार ने भतीजे अजीत पवार की, शरद पवार पर की गयी टिप्पणी कि, ''आप 83 वर्ष के हैं, क्या कभी ''स्टॉप'' नहीं करेंगे'', का सटीक जवाब दिया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के आजीवन अध्यक्ष शरद पवार, जो अब तक अपने भतीजे अजीत पवार की अपनी आयु पर की गयी टिप्पणी पर चुप थे, ने आज घोषणा की कि किसी की उम्र चाहे कुछ भी हो महत्वपूर्ण यह है कि उसका प्रभाव कितना है। ''मैं चाहे 82 का होऊं चाहे 92 का, मैं आज भी प्रभावशाली हूँ।''

गुरूवार को पार्टी की कार्यकारिणी समिति की बैठक के बाद शरद पवार ने जोर देकर कहा, ''मैं (एन.सी.पी.) का अध्यक्ष हूँ।'' बैठक में प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और अन्य नौ के निष्कासन को स्वीकृति दी गई जिन्होंने हाल ही में एन.डी.ए. का दामन थाम लिया।

कल अजीत पवार ने अपने चाचा के इस उम्र मे प्रमुख राजनैतिक भूमिका निभाने पर प्रश्न उठाया था। उन्होंने कहा, ''अन्य पार्टियों में नेता एक उम्र के बाद रिटायर हो जाते हैं। भाजपा में नेता 75 वर्ष बाद रिटायर हो जाते हैं, आप कब होंगे। आपको दूसरे लोगों को भी मौका देना चाहिए। अगर हम गलती करते हैं तो हमें बताइए। आपकी उम्र 82 साल है, आप रूकेंगे या नहीं। 63 वर्षीय अजीत यह भूल गए कि यह बात केवल मंत्रियों पर लागू होती है, पार्टी नेताओं पर नहीं।

शरद पवार द्वारा आहूत राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 12 विद्रोही नेताओं को निष्कासित कर दिया गया, जिनमें उनका भतीजा अजीत और सबसे

- **अजीत पवार ने यह भी कहा कि, हर पार्टी में रिटायरमैंट एज'' होती है, भाजपा में भी 75 वर्ष है।**
- **शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले ने भी जवाब में कहा, ''अजीत भूल गये कि, भाजपा में ''रिटायरमैंट एज'' मंत्री के लिये है, राजनीतिक नेताओं के लिये नहीं।**
- **सुले ने यह भी कहा कि, जो सीनियर हो गये वे रिटायर हों, यह कोई स्थापित उसूल नहीं है। रतन टाटा 86 वर्ष के हैं, अभी कार्यरत हैं, सीरम इंस्टीट्यूट के सायरस पूनावाला की उम्र 84 वर्ष है, अभी भी कार्यरत हैं। अमिताभ बच्चन 82 वर्ष के हैं और कार्यशील हैं। वॉरन बफैट व फारूख अब्दुल्ला का भी इस बारे में ज्वलन्त उदाहरण हैं।**
- **शरद पवार के दिल्ली निवास पर आयोजित एन.सी.पी. की कार्यकारिणी की बैठक में, प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे व उन नौ अन्य नेताओं को पार्टी से निकालने के निर्णय की पुष्टि की गई, जिन्होंने एन.डी.ए. की सरकार से हाथ मिलाकर मंत्री पद संभाला।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'छत्तीसगढ़ सरकार कांग्रेस का ए.टी.एम.'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 जुलाई। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार कांग्रेस के ए.टी.एम. के रूप में काम कर रही है, इस राज्य ने 2019-23 के दौरान, 2,161 करोड़ रूपए के शराब-घोटाले के जरिये पैसा बनाया है। प्रसाद ने यह बात बुधवार को अदालत में दायर की गई 1300 पृष्ठों की एक याचिका के हवाले से कही।

उन्होंने कहा कि शराब की सभी

- **भाजपा के वरिष्ट नेता रवि शंकर प्रसाद ने छत्तीसगढ़ सरकार पर यह आरोप लगाते हुए सरकार को 2,161 करोड़ रूपए के शराब घोटाले में शामिल बताया।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद

# चुनाव आयोग के अधिकार की शक्ति गाइडेड मिसाइल से कम नहीं है

वर्षा की तरह चुनाव का मौसम भी प्रारम्भ होने वाला है। इस वर्ष के अंत तक राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में चुनाव होने वाले हैं। संविधान के भाग XV में चुनाव व चुनाव आयोग से संबंधित प्रावधान हैं। अनुच्छेद 324 में यह स्पष्ट घोषणा है कि इस अनुच्छेद में जिन चुनावों का उल्लेख है उनका संचालन का अधीक्षण, निदेशन, नियंत्रण, एक आयोग में निहित होगा जिसे 'चुनाव आयोग' के नाम से कहा गया है।

चुनाव आयोग का मत है कि 'चुनाव आयोग' को अपरिमित अधिकार हैं (Plenary Powers) उसे कार्यपालिका, विधायिका व Quasi Judicial Powers के अधिकार हैं। चुनाव संबंधित कानून भी हैं। चुनाव कानूनों में समय के साथ सुधार होते रहते हैं, किन्तु कई बार चुनाव कानूनों में स्पष्ट संदेश नहीं मिलता वहां चुनाव आयोग को Direction (निर्देश) जारी करने के अधिकार है। चुनावों में चुनाव आयोग व जनता व पोलिटिकल पार्टिज से अपेक्षा करता है कि चुनाव शांतिपूर्वक हो और निष्पक्ष हो। चुनाव कानूनों का उद्देश्य है कि मतदाता अपने मत का अधिकार स्वेच्छा से, बिना किसी प्रलोभन के हो और कुछ राजनैतिक पार्टियों के नेताओं व ब्यूरोक्रेसी में Unholy Alliance होने के कारण चुनाव की प्रक्रिया पर दाग है। मतदाताओं में शिक्षा का अभाव तथा कानूनों की जानकारी न होना तथा उनकी गरीबी है इनमें सुधार की आवश्यकता है।

हमारा देश संसार का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, अतः चुनाव निष्पक्ष हों और कालेधन का उपयोग चुनावों में नहीं हों। चुनाव जिताने में Malpractice का उपयोग होता है। चुनाव कानून में प्रावधान है कि मतदाता को प्रलोभन देकर, भय दिखाकर मत प्राप्त करना अपराध है और अपेक्षा है चुनाव भय मुक्त हो जनता को जानकारी उपलब्ध होना चाहिये कि मतदाता जिसे अपना मत देना चाहता है, वह चरित्रवान व्यक्ति है और संविधान को मानता है और मूल कर्त्तव्य की पालना करता है। चुनावों के नतीजें साबित करते हैं कि कई केन्डीडेटस ऐसे हैं, जिन पर मुकदमें चल रहे हैं 2 वर्ष व उससे अधिक की सजा होने पर उम्मीदवार को चुनाव लडने से अयोग्य किया जा सकता है।

समय-समय पर चुनाव आयोग ने उपरोक्त Malpractice को रोकने के लिये निर्देश जारी किये हैं, जब इस बाबत कानून स्पष्ट नहीं था। एक केस में पहली बार चुनाव आयोग ने Association of Democratic Reforms vs Union of India & Others (रिट पिटिशन नं. 8257/1990) में दिल्ली हाईकोर्ट ने माना कि मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि :-

जिस उम्मीदवार को वह मत दे रहा है क्या वह सजा पा चुका है जिसमें जेल जाने की सजा है ऐसे केसों के संक्षिप्त विवरण देने चाहिये।

उम्मीदवार व उसकी धर्मपत्नि तथा Dependent Relation की सम्पत्ति का विवरण।

उम्मीदवार कितना पढा-लिखा है और क्या वह चुनाव जीतने के बाद अपने पद के उत्तरदायित्व को निभा सकता है।

चुनाव आयोग को यह अधिकार प्राप्त है कि राजनीतिक पार्टी जिसके टिकिट पर उम्मीदवार चुनाव लड रही है उनके संबंध में जानकारी प्राप्त कर सके।

उपरोक्त केस की अपील यूनियन ऑफ इण्डिया ने सुप्रीम कोर्ट में की (Appeal No.7176 of 2007)

उक्त अपील में यह प्लीड किया कि हाईकोर्ट को उक्त निर्देश न देकर, पिटीशनर्स को यह निर्देश देना चाहिये था कि वे संसद में चुनाव कानून में संशोधन कराने की कार्यवाही करे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने दिनांक 02.05.2002 के आदेश में निम्नलिखित निर्देश दिये :-

सुप्रीम कोर्ट ने यह माना कि चुनाव आयोग को वृहत अधिकार हैं चुनाव की सभी क्रिया में चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 में अधिकार है।

जब तक चुनाव कानून में संशोधन न हो जावे जब तक नये निर्देश चुनाव आयोग दे सकता है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कन्हैयालाल के केस (AIR 1986 SC 111) में चुनाव आयोग के वृहत अधिकारों को सही माना।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार की सम्पत्ति व उसके विरूद्ध फौजदारी मुकदमों की कार्यवाही का पूरा विवरण देना चाहिये। उम्मीदवार के लिये यह भी आवश्यक माना है कि वे अपनी व परिवार की सम्पत्तियों का पूरा विवरण दें।

> **चुनाव कानून में प्रावधान है कि मतदाता को प्रलोभन देकर, भय दिखाकर मत प्राप्त करना अपराध है और अपेक्षा है चुनाव भय मुक्त हो जनता को जानकारी उपलब्ध होना चाहिये कि मतदाता जिसे अपना मत देना चाहता है, वह चरित्रवान व्यक्ति है और संविधान को मानता है और मूल कर्त्तव्य की पालना करता है।**

उम्मीदवार की शिक्षा का विवरण दें।

उम्मीदवार के ऊपर कितना कर्जा है उसका विस्तार से विवरण देना होगा।

चुनाव आयोग ने उपरोक्त वर्णित कार्यवाही के बाद भारत सरकार को प्रतिवेदन भेजना और आग्रह किया कि The Conduct of Election Rules, 1961 को संशोधित किया जावे, किन्तु भारत सरकार ने इस संबंध अर्थात नोमिनेशन पेपर्स के विवरण के बारे में कोई कदम नहीं उठाया आज्ञा दिनांक 02.05.2002 पालना नहीं की तो चुनाव आयोग ने अनुच्छेद 324 के तहत दिये गये वृहत अधिकारों के तहत Directionss जारी की वे इस प्रकार हैं :-

1) उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करते समय उन पांच विषयों का विवरण शपथ द्वारा पेश करेगा, जिसका उल्लेख 2.5.2002 के आदेश में शपथ पत्र नोटरी पब्लिक या अन्य अधिकृत एजेन्सी द्वारा कराया जावेगा। शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं करना न्यायालय की अवज्ञा माना जावेगा। यदि विवरण गलत हो या महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाया गया है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही हो यों आईपीसी के तहत कार्यवाही हो सकती है।

उपरोक्त जानकारी विशेष अधिकारी के नोटिस बोर्ड पर लगाई जावेगा और सूचनार्थ विरूद्ध पक्ष के उम्मीदवार व मिडिया को दी जावेगी। विरूद्ध पक्ष के उम्मीदवार द्वारा सही जानकारी उपरोक्त विधि से नहीं दी गई तो उस पर वही कानून लागू होगा।

यहां यह कहना समीचीन होगा कि जहां स्टेचूटरी कानून न हो वहां चुनाव आयोग के निर्देश उचित कानून माने जावेंगे। सरकार ऑर्डिनेन्स लाकर, निर्देशों को निरस्त नहीं कर सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने गरीब मतदाता के अधिकार को बहुत महत्व दिया है। मतदाता के लिये सुप्रीम कोर्ट ने Little Man का प्रयोग किया है और निर्णय में उल्लेख किया है कि Little Man के इस मूल अधिकार की रक्षा आवश्यक है। उसे यह अधिकार भी है कि वह विरूद्ध पक्ष के उम्मीदवार के इतिहास की जानकारी ले सके। उसके चरित्र के संबंध की क्या वह सजायाफ्ता तो नही है। क्या वह राज्य का कर्जदार है। दिनांक 2.5.2002 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को Ordinance लाकर चुनौती नहीं दी जा सकती। संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार चुनाव आयोग, जहां कोई कानून नहीं है वहां कानून बना सकता है।

देश के मतदाता (Little Man) को उम्मीदवार के Antecedents जानने का अधिकार प्राप्त हैं। यह उसका मूल अधिकार है। इसका खण्डन करना संविधान के मूल स्ट्रक्चर का उल्लंघन है संविधान की रक्षक सुप्रीम कोर्ट की आज्ञा को न मानना और उसे Ordinance से Nullify करना संवैधानिक नहीं है। एस.एस. भोला के केस में (1997) 8 SCC 522 में विस्तार से माना गया है। यह Fraud है।

आगामी दोनों चुनाव असाधारण होंगे। अतः हमें पूर्व इतिहास से सीखना चाहिये। हमारे चुनाव कानून बहुत पुराने हैं। चुनाव कानून में नोमीनेशन पेपर को अधिक महत्व दिया है समस्त कानून शपथ पत्र में 5 विषयों पर विवरण देने तक सीमित है। वर्तमान परिस्थितियों में नोमीनेशन पेपर में दी गई जानकारी को बाध्यकारी करना चाहिये। कालेधन वालों और सजायाफ्ताओं को अथवा संघीन केस में चार्ज लगने पर चुनाव लडने से रोकना होगा।

आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं किन्तु अभी भी हमारे कई सांसद व विधायक मिडिल पास भी नहीं हैं जबकि अनुच्छेद 45 में 26.1.1950 को 10 वर्ष की अवधि 1 से 14 वर्ष के बालक आठवीं कक्षा पास हो चुके होते। अतः कानून में संशोधन होना चाहिये। सांसद के लिये क्वालिफिकेशन कम से कम बीए पास और विधायक के लिये हाईस्कूल पास होना चाहिये।

उपरोक्त कथन से स्पष्ट है कि चुनाव आयोग को निर्देश देने का अधिकार है, जहां कानून नहीं है वहां ये निर्देश ही कानून माने जावेंगे। इसका कारण यह है कि चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत Plenary Power प्राप्त है। यह कहना सही नहीं है कि न्यायाधीश को कानून बनाने का अधिकार नहीं है चूंकि न्यायाधीश तो सही कानून की घोषणा करता है। सन 2002 में चुनाव आयोग ने निर्देश दिये थे। उनका आज तक संशोधन नहीं हुआ है। अतः वर्तमान स्थिति को देखते हुये सरकार को चुनाव कानून में संशोधन करना होगा अथवा चुनाव आयोग को निर्देश देने होंगे।

निम्नलिखित विषय पर रूल्स बनाने चाहिये अथवा चुनाव कानूनों में संशोधन होना चाहिये :-

1) नामांकन पत्र में क्या क्या विवरण देना आवश्यक है तथा कौनसी गलत सूचना महत्व की है, उन्हें गलत भरने अथवा विवरण ही नहीं देने पर नामांकन पत्र खारिज हो सकता है।

2) चुनावों में काले धन का इस्तेमाल होता है अधिकांश लोगों के पास आय से अधिक प्रोपर्टी है, ऐसे लोगों को चुनाव लडने से रोका जाना चाहिये। इस संबंध में भी नियम व कानूनी प्रावधान होने चाहिये।

3) संसद या विधानसभा का चुनाव लडने वालों की मिनिमम शिक्षा आवश्यक होनी चाहिये। चुनाव कानून में प्रावधान होना चाहिये चुनाव खर्चे का सही विवरण नहीं दिये जाने पर चुनाव रद्द करने हेतु कानून बनाना चाहिये। जेल में होने पर चुनाव लडने की अनुमति न दी जावे। उम्मीदवार ऐसा कार्य नहीं करे जो संविधान के तथा देश की एकता व अखण्डता के विरूद्ध है तथा दूसरे के धर्म की आलोचना हो। उम्मीदवार अपने भाषणों में संयत भाषा का प्रयोग करे और ध्यान दे कि देश धर्म निरपेक्ष है।

4) जो उम्मीदवार मूल कर्त्तव्यों के विरूद्ध आचरण करता पाया जावे, उसे चुनाव लडने से Disqualify किया जावे। जैसे हिंसा में लीन होने व सार्वजनिक सम्पत्ति की तोडफोड करने वाले व्यक्ति को।

अगर सरकार कानून नहीं बनाती अथवा संशोधन नहीं करती तो स्वयं चुनाव आयोग निर्देश दे सकता है। चुनाव आयोग की शक्ति गाइडेड मिसाइल से कम नहीं है। लोकतंत्र में Fair and Free चुनाव होने चाहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# धीरजपुरा ग्राम में परिवार के सदस्यों ने मृत्युभोज बंद करने का निर्णय लिया

## पगड़ी रस्म के दिन अतिथियों बांटे 101 पौधे, पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलवाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम धीरजपुरा में गुरावा परिवार ने एक नई पहल की है जो सराहनीय है। महादेव रामजी गुरावा 23 जून को पंचतत्व में विलीन हो गए थे जिनकी पगड़ी रसम 12 वां के दिन पूर्ण होने पर परिवार ने पांच पीपल के पेड़ शमशान भूमि में लगाये और आए हुए अतिथियों को 101 पेड़ देकर अपने घरों में लगाकर पर्यावरण प्रकृति की रक्षा का संकल्प दिलवाया।

मृत्यु भोज पूर्णता से बंद करते हुए श्रद्धांजलि सभा में आए हुए अतिथियों को सादा दाल रोटी खिलाकर एक नई पहल की। अखिल भारतीय एससी-एसटी महासंघ ब्लॉक खंडेला अध्यक्ष गोपाल गुरावा ने बताया कि, यह सब कार्य परिवार की सहमति व बाबा साहब अंबेडकर

- **श्रद्धांजलि सभा में आए हुए अतिथियों को सादा दाल-रोटी खिलाकर एक नई पहल की**

विचारधारा को फॉलो करते हुए पूर्ण करवाया गया है। परिवार के सदस्यों में पांच-भाई दो बहन हैं। ताराचंद, मदन, गोपाल, सोहन, विक्रम सिंह, सोनिया, सजना ने आए हुए सभी अतिथियों को महापुरुषों के साहित्य बांटे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शांति शिक्षा विहार सूरतगढ़ राजेंद्र निम्बाण जेपी बौद्ध खंडेला सीकर रहे। हरिद्वार में अस्थि विसर्जन भी बगैर दान दक्षिणा के की। सारे कार्यक्रम बौद्ध धर्म के रीति रिवाजों से किया गया था।



श्रद्धांजलि सभा में आए हुए अतिथियों को परिजनों ने पौधे वितरित किये।

# 'मंदिर माफी की भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में यथावत रखें'

## न्यायालय सहायक कलेक्टर ने स्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया

**करौली, (निसं)।** करौली के भाजपा नेता अशोक पाठक की पहल पर मंदिर माफी की जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में यथावत रखने के न्यायालय सहायक कलेक्टर ने स्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया।

भाजपा नेता सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाठक ने मंदिर माफी की जमीनों को खुर्दबुर्द करने वाले व रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के मामलों को लेकर न्यायालय सहायक कलेक्टर के यहां परिवाद लगाया जिसमें पाठक ने खुलासा करते हुए बताया कि मंदिर ठाकुर जी प्रताप शिरोमणि कि खातेदारी की भूमि खसरा नंबर 786, 789, 700, 90, 791, 806, 807, 808, 809 आदि खसरा नंबरों की कुल करीब 20 बीघा भूमि ससेड़ी गांव में स्थित है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि जिस मंदिर माफी की जमीन को सेटलमेंट विभाग को बगैर किसी सक्षम न्यायालय के आदेश के राजस्व

- **ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं जिला मुख्यालय स्थित शहर में स्थित मंदिरों की भूमि पर भू माफिया निडर होकर कब्जा जमाए हुए हैं और उन पर अवैध रूप से निर्माण भी कर लिए हैं।**
- **सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाठक ने मंदिर माफी की जमीनों को खुर्दबुर्द करने वाले व रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के मामलों को लेकर न्यायालय सहायक कलेक्टर के यहां परिवाद लगाया था**

रिकॉर्ड जमाबंदी में खातेदारी काश्तकारी इंद्राज बदलने का कोई अधिकार नहीं है लेकिन यहां सेटलमेंट विभाग द्वारा मंदिर माफी की जमीनों की खातेदारी बिना किसी अधिकार के सायल ठाकुर जी के स्थान पर अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल रजाक निवासी करौली के नाम राजस्व रिकॉर्ड में इंद्राज कर दिया और इसी इंद्राज के आधार पर अब्दुल हमीद के वारिसान के नाम राजस्व कर्मियों से मिलीभगत कर इंद्राज करा लिया जबकि ठाकुर जी शास्वत नाबालिक हैं और नाबालिक के खातेदारी को किसी भी सूरत में किसी व्यक्ति के नाम नहीं किया जा सकता है।

लेकिन यहां तो नियम कानून की अनदेखी करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा लालच में आकर मंदिर माफी की जमीनों को भी उल्टा सीधा कर दिया जाता है। जिस मामले को न्यायालय सहायक कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए उक्त जमीन पर अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा सेवा बंद करते हुए हल्का पटवारी को पाबंद किया गया है कि भूमि को खुर्दबुर्द ना करें तथा मौके पर राजस्व रिकॉर्ड की स्थिति यथावत बनाए रखें।

गौरतलब यह कि यहां ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं जिला मुख्यालय स्थित शहर में स्थित मंदिरों की भूमि पर भू माफिया निडर होकर कब्जा जमाए हुए हैं और उन पर अवैध रूप से निर्माण भी कर लिए हैं। यही नहीं राजस्व रिकॉर्ड में भी राजस्व कर्मियों द्वारा हेराफेरी कर दी गई है जिन के मामले में पूर्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों को खूब शिकायत भी लोगों द्वारा की गई लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिकायतों को दबा कर बैठ गए और मंदिर माफी की भूमियों पर हो रहे कब्जा, अवैध निर्माण के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं।

## पाक नागरिक ने लोन पर उठाई बाइक

**जोधपुर, (कासं)।** भ्रमण यात्रा पर भारत आने वाले कई पाक नागरिक बिना दस्तावेजों के यहां पर रह रहे हैं। वे दलालों से सांठगांठ कर फर्जी दस्तावेज तक बना रहे हैं। ऐसे ही एक पाक नागरिक करतूस सामने आई है। जिसने ना सिर्फ फर्जीवाड़ा दस्तावेज बनाए बल्कि बैंक से लोन के आधार पर वाहन भी खरीद कर लिया। इसका खुलासा राज्य विशेष शाखा में होने पर अब बोरानाडा थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है। पुलिस अब दस्तावेज जांच के साथ अन्य तफ्तीश में जुटी है कि उसने किसके सहयोग से दस्तावेज बनाए और बिना भारतीय नागरिकता के गाड़ी को लोन पर कैसे उठा लिया।

राज्य विशेष शाखा की तरफ से रिपोर्ट बनाकर बोरानाडा थाने में भिजवाई गई। इस रिपोर्ट में खुलासा है कि पाक के सिंध स्थित टुण्डी गुलाम अली का रहने वाला सुनील पुत्र अर्जुन कुमार माहेश्वरी यहां बिना भारतीय नागरिकता लिए रह रहा है। साथ ही उसने फर्जी तरीके अपने आधार, पेन कार्ड, चालक लाईसेंस तक बना लिए हैं। इसके अलावा उसने बैंक में खाता खुलवा कर बाइक लोन उठाया है। इसका पता राज्य विशेष शाखा की तरफ से की गई पड़ताल में हुआ है।

# रेल्वे ओवरब्रिज उद्घाटन के इंतजार में

## मंत्री-विधायक की ओर से निश्चित तिथि नहीं मिल रही

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** शहर से होकर गुजर रहे राहगीरों के साथ क्षेत्रवासियों के लिए आठ साल में झारेडा रोड स्थित बाईपास पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज (आर.ओ.बी.) तैयार हो चुका है। उद्घाटन के लिए मंत्री-विधायक की ओर से निश्चित तिथि मिलने का इंतजार है।

आरएसआरडीसी की ओर से राज्य सरकार को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से झारेडा रोड स्थित बाईपास पर नए आरओबी निर्माण के लिए 31.35 करोड रुपए के बजट मंजूर होने पर आरएसआरडीसी की निगरानी में 2015 में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य का शुरू हुआ। निर्माण की अवधि 2 साल रखी गई। जिसमें 2017 में रेलवे ओवरब्रिज तैयार होना था। दोनों तरफ रैम्प के मध्य गर्डर डालने के लिए इसी वर्ष रेलवे ने स्वीकृति दी। जिसमें नए साल की शुरुआत में 12 जनवरी को

- **झारेडा रोड स्थित बाईपास पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज (आर.ओ.बी.) तैयार हो चुका है**

करीब 3 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर 2 गर्डर डाले गए। रेलवे की ओर से 3 दिन के लिए मेगा ब्लॉक दिया। जिसके बाद 6 माह स्लैब, फिनिशिंग कार्य, आरओबी की दीवारों पर पेंटिंग से सौन्दर्यकरण, डिवाइडर, क्रॉस वैरियर, रैलिंग और संकेतक लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

जिले के प्रसिद्द धार्मिक स्थली कैलादेवी, श्रीमहावीरजी व बालाजी दर्शनों केलिए देश भर से वर्ष भर 10 लाख से अधिक यात्री निजी साधनों से यहां होकर गुजरते हैं। जिसमें चैत्रीय माह में उत्तर भारत के प्रसिद्द लक्खी मेला में कैलादेवी माता के दर्शनों के लिए ही पदयात्रियों के साथ निजी साधनों से 20लाख से ज्यादा यात्री इसी मार्ग से गुजरते हैं। व्यवसायिक दृष्टिकोण से कृषि उपज मंडी यार्ड, को औधोगिक, कृभको, स्लेट उद्योग, पत्थरों के व्यवसाय, रेल परिवहन से यूरिया के आवागमन व फल-सब्जियों की मंडियों में बड़े वाहनों की दैनिक आवाजाही बनी होने से यहां बाईपास मार्ग का संचालन होना यहां की घनी आबादी के लिए बड़ी मांग रही।

कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि मंडी क्षेत्र में सीमावर्ती गांवों से किसान मंडी में फसल बेचने के लिए परिवहन साधनों से पहुंचते हैं।

इधर आरएसआरडीसी के धौलपुर यूनिट प्रभारी, सियाराम मीना का कहना है कि झारेडा रोड स्थित नए आरओबी के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। उद्घाटन के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विधायक को पत्र भेजकर तिथि मांगी गई है।

# विभाकर शास्त्री ने पुष्कर में पूजा-अर्चना व दरगाह में जियारत की

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता विभाकर शास्त्री ने गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास के दौरान तीर्थराज पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना की एवं विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर के दर्शन कर देश एवं प्रदेश में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।

शास्त्री का पुष्कर पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय जोशी, पार्षद शरद वैष्णव, ताराचंद गहलोत, दामोदर मुखिया, जगदीश कुर्डिया, रविन्द्र नागौरा, गौरीशंकर पाराशर, जितेन्द्र गहलोत पुखराज मोहित मल्होत्रा आदि ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस नेता शास्त्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेता विभाकर शास्त्री आज ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की मजार पर मखमली चादर एव अकीदत के फूल चढ़ाकर जियारत कर देश एवं प्रदेश में अमन चैन शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द की दुआ की। इस अवसर सैयद अब्दुल हमीद चिश्ती, सैयद बाबर चिश्ती, सैयद अजमत हुसैन चिश्ती, अब्दुल रज़्ज़ाक़ भाटी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पूर्व प्रधानमंत्री लाल

- **शास्त्री ने देश एवं प्रदेश में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की**
- **पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र एवं कांग्रेस नेता हैं विभाकर शास्त्री**

बहादुर शास्त्री के पौत्र एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता विभाकर शास्त्री के अजमेर आगमन पर कांग्रेसियों ने जयपुर रोड पर माला पहनाकर साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल, महेश चौहान, पार्षद सुनीता चौहान डॉ संजय पुरोहित, हारून रंगरेज, सुमेर सिंह चारण, नगर निगम अजमेर में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा, एनएसयूआई के अध्यक्ष अब्दुल फरहान अख्तर कुरैशी, सत्या लखन, मोहम्मद कैफ, गौरी शंकर पाराशर, हारून खान सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राशिफल शुक्रवार 7 जुलाई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम सावन मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, शतभिक्षा नक्षत्र रात्रि 10:16 तक, आयुष्मान योग रात्रि 8:24 तक, कौलव करण दिन 1:45 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-सिंह, बुध-मिथुन, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


कुमार योग रात्रि 10:16 से सूर्योदय तक है। आज नाग पंचमी, मेलाभ नाग पंचमी और हरदेव पूजा, पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:25 तक, लाभ-अमृत 7:25 से 10:44 तक, शुभ 12:32 से 2:14 तक, चर 5:38 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:43, सूर्यास्त 7:20




**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी और कार्यों में प्रगति होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात पारिवारिक कारणों से बाहर जाना पड़ सकता है।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा।




**कर्क**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब होने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा।




**कन्या**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**
व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




**वृश्चिक**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी और नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।




**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।



**मीन**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# जिला बनाने की मांग को लेकर मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र बंद रहा

## मालपुरा शहर सहित उपखण्ड क्षेत्र की 38 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर बाजार बंद पूर्ण सफल रहे




मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे जनसैलाब ने महारैली निकाल जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाइवे को जाम कर दिया।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर जिला बनाओ कोर कमेटी के आव्हान पर गुरूवार को मालपुरा शहर सहित उपखण्ड क्षेत्र की 38 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर बाजार बंद पूर्ण सफल रहे। जिला बनाने के समर्थन में सड़कों पर उतरे जनसैलाब ने बारादरी बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर विशाल रैली के रूप में रवाना हो नारेबाजी करते हुए व्यास सर्किल धरना स्थल पर पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंप क्षेत्र की जनभावनाओं से अवगत करवाया।

जानकारी के अनुसार आजादी के बाद से जिला बनने के सभी मापदण्ड पूर्ण करने वाले मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर गुरूवार को निकाली गई महारैली में हजारों की तादात में आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी, महिलाएं व युवा सहित सभी राजनीति पार्टियों से जुड़े नेता व जनप्रतिनिधि के साथ-साथ सर्व समाज के नागरिक एवं नारी शक्ति के रूप में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। हम हमारा हक मांगते नहीं किसी भीख मांगते, ना जायेंगे दूदू, ना जायेंगे केकडी, सहित मालपुरा के अस्तित्व व स्वाभिमान को बचाने के लिए खून का हर एक कतरा न्यौछावर कर देने जैसे नारे व श्लोग्न

- **एसडीएम आवास के सामने धरना व अनशन जारी, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

लिखी तख्तियां हाथों में लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए व्यास सर्किल पहुंची भीड़ ने एसडीएम आवास के सामने जयपुर-भीलवाडा स्टेट हाईवे को जाम कर धरने पर बैठ गये।

सर्किल के चारों ओर मानव श्रंखला बना भीड़ के जाम लगा देने से वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। तकरीबन आघा घंटे से अधिक समय तक स्टेट हाईवे जाम कर मालपुरा को जिला बनाने के समर्थन में चिलचिलाती धूप में पुरूषों के साथ महिलाएं व बच्चियों सहित युवाओं ने जिला बनाने के समर्थन में नारेबाजी की। कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्यों ने हजारों की तादात में जमा भीड़ को गांधीवादी व अहिंसात्मक आंदोलन के जरिए ही सरकार को मालपुरा को जिला घोषित किये जाने के लिए मजबूर करने तथा मालपुरा क्षेत्रवासियों की मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन व धरने को जारी रखने का ऐलान किया।

पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने कोर कमेटी की ओर से तैयार ज्ञापन की प्रति बारादरी बालाजी के चरणों में चढ़ा मालपुरा का स्वाभिमान बचाने की अरदास लगाई। व्यास सर्किल पर चल रहे धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम महिपाल सिंह को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक नेता जतन लाल जाट, एडवोकेट रवि कुमार जैन, किशन लाल फगोडिया, रूपचंद आकोदिया, कन्हैयालाल सैनी, सुखपाल माली, कैलाश गुर्जर, राजेन्द्र तिवाडी, प्रहलाद शर्मा, समाजसेवी घासीलाल जाट, अवधेश शर्मा, त्रिलोक जैन, आशा नामा, पीपी सैनी, सहित कोर कमेटी के सदस्यों ने जिला बनाने की मांग को समर्थन दे बाजार बंद रखने वाले व्यापारियों का आभार जता मालपुरा के स्वाभिमान के लिए राजनैतिक मंच से अलग हटकर एक मंच पर एक आवाज में सरकार पर दबाव बनाने व मांग मनवाने के लिए एकजुट रहने का आव्हान किया।

शांति व कानून व्यवस्था को लेकर एएसपी राकेश कुमार बैरवा के सुपरविजन में डीवाईएसपी सुशील मान के साथ पांच थानों का पुलिस जाप्ता व आरएसी बटालियन मुस्तैद रही। मंडी व बाजार बंद रहने से दिनभर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। तो मालपुरा सहित लावा, चैनपुरा सहित ग्रामीण क्षेत्र से बाजार बंद रख महारैली में भारी भीड़ जुटी।

# ट्रक से टकराई बस, 16 यात्री घायल

## गुजरात से अमरनाथ यात्रा पर निकली थी बस

**अजमेर, (कासं)।** गुजरात से अमरनाथ यात्रा पर निकली एक बस अजमेर के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमे बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज़ के लिए अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

बस में सवार राजकोट निवासी मनसुख ने बताया कि गुजरात का दल अमरनाथ यात्रा पर जा रहा था आज सुबह नाथद्वारा दर्शन के बाद आगे की यात्रा शुरू हुई जिसे आज शाम तक पुष्कर पहुचना था, लेकिन अजमेर के निकट लाडपुरा के नजदीक बस के आगे चल रहे एक ट्रक

- **ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा**

ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने के चलते बस और ट्रक की भिडंत हो गए जिसमे 16 यात्री घायल हुए है, सभी घायलों को मामूली चोटे आई है जिनका इलाज़ जारी है, बस में 46 यात्री सवार थे।

# अवैध संबंधों के चलते महिला की हत्या

## शव को कुण्ड में डालने का आरोप, मामला दर्ज

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर उसके गांव के ही दो सगे भाईयों के खिलाफ उसकी पत्नी को ले जाकर हत्या कर भीमासाना गांव की रोही में बने कुण्ड में डालने के आरोप का मामला दर्ज किया है।

सिद्धमुख थाने में सतपाल पुत्र मनीराम धाणक उम्र 48 साल निवासी टूण्डाखेडी तहसील सिद्धमुख ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि तीन जुलाई को रात्रि को करीबन 2 बजे पीएम पर उसकी पत्नी मुनीदेवी घर से चली गई, जिसकी अगले दिन पुलिस थाना सिद्धमुख में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। मगर 6 जुलाई को सुबह भीमसाणा गांव की रोह में स्थित उसके खेत पडौसी मोहरसिंह मुण्ड के घर से कोई महिला खेत गई थी तथा वह जैसे ही हवासिंह पुत्र झिन्दूराम धाणक के खेत में बने पानी के कुण्ड पर आई थी, जिसने कुण्ड में लाश को तैरते देखकर उन्हें सूचित किया। जिस पर वह उसके

- **एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर दो सगे भाईयों के खिलाफ मामला दर्ज**

परिवार के लोग व ग्रामीणजों ने कुण्ड पर जाकर देखा तो पानी में तैर रही लाश उसकी पत्नी मुन्नी देवी की थी तथा लाश को बाहर निकालकर देखा तो उसे सिर व मुंह पर चोट के निशान थे।

सतपाल धाणक का आरोप है कि उसके परिवार का आरोपी मोनू पुत्र रतिराम धाणक के उसकी पत्नी के साथ अवैध संबन्ध था तथा तीन जुलाई की रात्रि को आरोपी मोनू ही उसकी पत्नी का लेकर गया था। आरोप है कि मोनू व उसके भाई सोनू ने उसकी पत्नी मुन्नीदेवी की हत्या कर लाश को हवासिंह धाणक के खेत में बने पानी के कुण्ड में डाला है। सिद्धमुख थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# 'गहलोत ने आलाकमान का कहना पहले भी नहीं माना'

**बीकानेर, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में हो रही कांग्रेस की बैठक पर कटाक्ष करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि इन बैठकों का कोई असर नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस में आलाकमान का कोई महत्व नहीं है। मेघवाल ने कहा कि जब आलाकमान ने खड़गे और अजय माकन को जयपुर भेजा तब विधायक मीटिंग के लिए विधानसभा अध्यक्ष के पास पहुंच गए थे। खुद अशोक गहलोत ने हाईकमान का कहना नहीं माना था। अब अगर अब दिल्ली में कोई निर्णय होता है तो उसका कोई मायने नहीं हैं।

मेघवाल ने कटाक्ष में कहा कि कांग्रेस में सब कुछ सही नहीं है। मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बीकानेर कार्यक्रम राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए। मोदी यहां अपने 9

- **दिल्ली में हुई कांग्रेस की बैठक पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कटाक्ष किया**

साल के प्रयासों का हिसाब देने आ रहे हैं। मेघवाल ने बताया कि नरेंद्र मोदी बीकानेर में करीब 30 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। जिसमें जामनगर से अमृतसर एक्सप्रेस हाईवे भी शामिल है। बीकानेर रेलवे स्टेशन पर भी 571 करोड़ रुपये से जीर्णोद्धार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 जुलाई को शाम 4 बजे नाल एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगे। इसके बाद विशेष हेलीकॉप्टर से नोरंगदेसर आएंगे। जहां आमसभा को सम्बोधित करेंगे।

# भाजपा की रैली में आये मोरपाल की हादसे में मौत होने पर वसुंधरा राजे संवेदना व्यक्त करने पहुंची

**कोटा, (निसं)।** गत दिनों भाजपा की रैली में आये मोरपाल गुर्जर की हादसे में मौत होने पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे संवेदना व्यक्त करने पहुंची और परिवार को ढांढस बंधाया। राजे ने कहा कि भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता मृतक मोरपाल गुर्जर के परिवार की हर तरह से सहायता और सहयोग किया जाएगा। इस दुख दारुण की विकट स्थिति में भाजपा परिवार मृतक के परिवारजन के साथ पूरी तरह से खड़ा रहेगा।

डाबी क्षेत्र के खड़ीपुर गांव में गत दो जुलाई को बरड क्षेत्र के शंभूपुरा बूंदी में भाजपा महारैली में आए थे और महारैली के बाद शाम को गांव खड़ीपुर के लिए लौटते वक्त एक बस की चपेट में आकर गंभीर घायल होने से देर रात कोटा एमबीएस अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी इस वजह से गुरूवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मृतक मोरपाल गुर्जर के गांव खड़ीपुर में उनके परिवार जनों के बीच पहुंचकर शौक संतृप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने मृतक मोरपाल गुर्जर की बिलखती तीनों पुत्रीयों एवं पुत्र व उनकी पत्नी को गले लगा कर ढांढस बंधाया और सांत्वना देते हुये उनको इस विकट परिस्थिति में हर तरह साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया। इस दौरान कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल व बूंदी भाजपा नेता रुपेश शर्मा ने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया मोरपाल गुर्जर के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंची।

की प्रेरणा से सभी मीडिया कर्मी एवं शोक संतप्त परिवार जन के बीच सहयोग करने से सम्बंध में घोषणा पत्र पढ़ कर सुनाया कि मृतक मोरपाल की दोनों अविवाहित पुत्रीयों लाली गुर्जर व गायत्री गुर्जर की शिक्षा से लेकर उनके विवाह तक की संपूर्ण जिम्मेदारी निर्वहन करने का जिम्मा उठाने एवं पुत्र बलराम गुर्जर को भी हर तरह से सहयोग करने की घोषणा की। मृतक मोरपाल दुग्ध व्यवसाय का कार्य करता था

दिल्ली में आवश्यक बैठक के चलते कोटा के कार्यक्रम निरस्त:-इससे पूर्व हैंगिंग ब्रिज के पास वसुंधरा राजे का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। स्टेशन पर वसुंधरा राजे के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुंजल ने महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि दिल्ली में आवश्यक बैठक के कारण कोटा का कार्यक्रम निरस्त हुआ है वसुंधरा राजे हमारी नेता है हमारे बीच रहने वाली हैं आज नहीं तो कल वह हमारे बीच में आएंगी हम इससे और ज्यादा दुगनी ताकत से उनका स्वागत करेंगे।

# पीछोला झील छलकी, स्वरूपसागर पर चादर चलने से दो गेट खोले

## उदयपुर शहर सहित केचमेंट क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश के चलते सीसारमा नदी का वेग बढ़ा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर की खूबसूरत पीछोला झील बुधवार देर रात छलक गई। इसके छलकने के साथ ही स्वरूपसागर की रपट पर पानी बहने लगा और सीसारमा नदी से तेज हुई आवक को देखते हुए सुबह आठ बजे स्वरूपसागर के दो गेट तीन-तीन इंच खोल दिए गए। इधर, जिले में कई

- **आयड़ नदी चली, ओगणा में 34 मि.मी. बारिश हुई**
- **फतहसागर छलकने से अब दो फीट दूर, मदार नहर से आवक जारी**

जगहों पर अच्छी बारिश के समाचार मिले हैं। वहीं शहर में गुरुवार को भी दिनभर उमस रही हालांकि शाम चार बजे बाद बादलों की आवाजाही रही और शाम को बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। जिले में शाम पांच बजे तक बीते 12 घंटों में सर्वाधिक बारिश ओगणा में 34 मिमी रिकॉर्ड की गई है।

बुधवार को शहर सहित केचमेंट क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश के चलते सीसारमा नदी का वेग बढ कर 3 फीट 2 इंच हो गया और पीछोला अपनी पूर्ण भराव क्षमता 11 फीट को पार कर गया। पीछोला के भरने से इसके ओवरफ्लो स्थल स्वरूपसागर की रपट पर पानी बहने लगा और आवक को देखते हुए सुबह 8 बजे इसके चार में से दो गेट तीन-तीन इंच खोल दिए गए। छलकती झील व चादर को देखने स्वरूपसागर पर दिनभर लोगों का तांता लगा रहा। स्वरूपसागर का पानी यूआईटी पुलिया से आयड़ नदी होकर उदयसागर में समा रहा है। वहीं फतहसागर झील में भी मदार नहर से लगातार आवक जारी है। 13 फीट क्षमता वाली यह झील भी 11 फीट के करीब पहुंच गई है और केवल दो फीट खाली है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि झील इस बार हरियाली अमावस्या से पहले ही छलक जाएगी। शहर में हरियाली अमावस्या का मेला 17 व 18 जुलाई लगेगा। यह मेला फतहसागर की पाल से सहेलियों की बाड़ी तक लगता है।

जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार सुबह 8 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में उदयपुर शहर में 33 मिमी बारिश हुई। वहीं बडगांव में 58 मिमी, गिर्वा 17, ऋषभदेव 17, खेरवाड़ा 25, कुराबड 23, नयागांव 16, कोटड़ा 30, झाड़ोल 73 मिमी बरसात हुई। वहीं शाम 5 बजे समाप्त बीते 12 घंटों में झाड़ोल में 22 मिमी, ओगणा में 34 मिमी, गोगुन्दा 2 व मदार में 1 मिमी बारिश हुई।



उदयपुर की पीछोला झील के छलकने के बाद स्वरूपसागर के दो गेट तीन-तीन इंच खोले गए।

# बीकानेर में मानसून फिर सक्रिय

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे शुरू हुई बारिश करीब एक घंटे तक लगातार बरसती रही। इसके बाद कुछ देर बरसात रुक गई लेकिन शाम होते-होते एक बार फिर बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। दिनभर जमकर बारिश होने से एक बार गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है।

बुधवार शाम को बीकानेर में बादलों ने डेरा डाला था। उम्मीद की जा रही थी कि तेज बारिश होगी लेकिन अंधड़ के साथ ही बादल भी बीकानेर छोड़कर आगे निकल गए। इसके बाद गुरुवार को सुबह तक मौसम साफ था लेकिन दोपहर में बादलों ने फिर जमावड़ा किया। दोपहर डेढ़ बजे बारिश शुरू हुई तो करीब एक घंटे तक बादल बरसते

- **एक घंटे की बारिश से सड़कों पर भरा पानी**
- **ग्रामीण इलाकों में भी बदला मौसम का मिजाज**

रहे। बीकानेर शहर के अलावा गंगाशहर, भीनासर व आसपास के गांवों में भी बारिश रुकी नहीं। करीब तीन बजे बारिश एक बार थम गई लेकिन थोड़ी देर बाद फिर शुरू हो गई। शाम पांच बजे तक बीकानेर में बारिश चलती रही। ये बारिश भी काफी देर तक हुई। बीकानेर में अगले कुछ दिन तक और बारिश होने वाली है।

मौसम विभाग की माने तो सात जुलाई के लिए बीकानेर में बारिश की चेतावनी नहीं है लेकिन आठ जुलाई को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन तेज बारिश हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों में एक बार फिर बारिश शुरू हो रही है।

आने वाले तीन-चार दिन तक पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में रुक रुक-रुक कर बारिश हो सकती है। दो दिन पहले तक बीकानेर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था लेकिन अब बारिश ने राहत दी है। पारा भी घटकर चालीस से नीचे आ गया है। वहीं रात का तापमान भी अब कम हो रहा है। 31 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान था जो अब घटकर 28 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है।

# बैठक के बाद संतुष्ट दिखे पायलट कहा, "मेरे मुद्दों पर एआईसीसी गंभीर"

## दिल्ली में हुई बैठक में राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं से लिए गए सुझाव

- सभी को चेताया, अब अनर्गल बयानबाजी हुई, तो होगी कार्यवाही, चाहे नेता कितना ही बड़ा हो
- इस बार सितंबर में ही उम्मीदवारों की घोषणा की तैयारी, सर्वे के अनुसार जिनकी जीतने की स्थिति नहीं, उन मंत्री-विधायकों के टिकिट कटेंगे

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस के मुद्दों को लेकर बहु प्रतिक्षित बैठक के बाद तय हो गया है कि अब राजस्थान कांग्रेस में नेताओं को ज्यादा शिकवे शिकायत आपस में नहीं रहे हैं। सबसे बड़ा अंतर्द्वंद तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच था। बैठक के बाद जिस तरह से सचिन पायलट ने अपनी ओर से उठाए गए मुद्दों को लेकर सरकार की ओर से उठाए जाने वाले कदमों पर सहमति जताई है, उसके बाद यह अंतर्द्वंद भी समाप्त होता नजर आ रहा है। हालांकि अभी सचिन पायलट को मिलने वाली संभावित जिम्मेदारी को लेकर फैसला नहीं हुआ है। इसके लिए कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। वैसे भी गुरुवार को बुलाई गई बैठक मुख्य रूप से राजस्थान विधानसभा चुनाव की रणनीति के लिए ही बुलाई गई थी। पायलट को लेकर लिए जाने वाले फैसले के लिए अलग से चार- पांच प्रमुख नेताओं की बैठक फिर से बुलाई जा सकती है।

मोटे तौर पर एआईसीसी में हुई इस बैठक में राजस्थान से जुड़े 28 नेताओं ने मौजूद रहकर पार्टी के मौजूदा हालात और चुनाव जीतने की रणनीति पर अपने सुझाव दिए हैं। बैठक के बाहर आने के बाद लगभग सभी नेताओं का यही कहना था कि सब एकजुट है और राजस्थान में हालात ठीक है। पार्टी फिर से रिपीट होकर चुनाव जीतने जा रही है। वहीं बैठक के बाद प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि पार्टी में इस बार सितंबर में ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार सर्वे के आधार पर जिताऊ उम्मीदवारों को ही टिकट दिए जाएंगे। यदि कोई मौजूदा मंत्री-विधायक हार रहा है तो उसे टिकट नहीं मिलेगा। वहीं उन्होंने संगठन विस्तार को लेकर कहा कि इस बारे में रिपोर्ट मांगी गई है इसके बाद में जल्द ही संगठन विस्तार किया जाएगा। एआईसीसी मुख्यालय में राजस्थान के मुद्दे पर बैठक करीब चार घंटे चली। बैठक में सभी नेताओं राजस्थान से जुड़े मामले पर फैसले हाईकमान पर छोड़ दिए हैं। हाईकमान जो फैसला करेगा, वह सबको मान्य होगा। सचिन पायलट का रोल तय करने पर भी हाईकमान फैसला करेगा।

बैठक में राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान के नेताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने को कहा है। बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जूम एप के जरिए ऑनलाइन जुड़े। वही महत्वपूर्ण रूप से विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी भी बैठक में मौजूद रहे। यह भी कहा गया है कि अब किसी तरह के मतभेद की बात सामने नहीं आनी चाहिए। बयानबाजी करने पर कार्रवाई होगी। बैठक में नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का भरोसा दिलाया।

सचिन पायलट ने बैठक के बाद मान लिया कि उनके मुद्दों को पार्टी ने सुलझा दिया है। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में पायलट ने कहा-मुझे खुशी है पार्टी ने मेरे उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया है और उन पर कार्रवाई करने के लिए आगे की रूपरेखा बनाई है। भाजपा राज के कार्यकाल में तमाम करप्शन हुए उस पर सरकार गंभीर है और कार्रवाई करेगी। मैं ऐसा मानता हूं कि करप्शन ऐसा मुद्दा है जो जन जन को प्रभावित करता है और इस इश्यू को कांग्रेस चुनावी मुद्दा बनाएगी और आगे लेकर जाएगी। बैठक के बाद संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पायलट मुद्दे का समाधान निकालने और अब कोई भी मुद्दा नहीं होने का दावा किया है।

वेणुगोपाल ने कहा कि सचिन पायलट आज की बैठक में यूनिटी को लेकर बहुत अच्छा बोले और उन्होंने विश्वास जताया कि हम दोबारा सरकार बनाएंगे। पेपरलीक और युवाओं के मुद्दे थे, उस पर विधानसभा में बहुत ही मजबूत कानून लाया जा रहा है। सब मुद्दों का समाधान हो गया है। गहलोत चोट लगने के कारण आ नहीं सके, लेकिन वीसी से पूरे चार घंटे बैठक से जुड़े रहे। अब नेताओं के बीच कोई इश्यू नहीं है, सभी इश्यूज रिजॉल्व हो चुके हैं।

# परिजन बयानों से मुकरे, अदालत ने अभियुक्तों को सुनाई उम्रकैद

**जयपुर**। महिला उत्पीड़न एवं दहेज प्रकरण मामलों की विशेष अदालत ने दहेज हत्या के अभियुक्त पति सुनील तोमर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मृतक के भाई और माता-पिता सहित अन्य परिजनों ने पुलिस के समक्ष मृतक को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के बयान दिए थे और कोर्ट के समक्ष राजीनामा होने के चलते कार्रवाई नहीं चाहने की बात कही है। जिससे साबित है कि अभियुक्त की ओर से मृतक को प्रताड़ित किया जाता था। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि यदि ऐसे अपराध घटित होते रहे तो समाज का शादी जैसी व्यवस्था से विश्वास कम हो जाएगा और यह मानव विकास के लिए घातक होगा।

इसके अलावा कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराधों की मानसिकता के पीछे भी ऐसे ही अपराधों की जड़ काम करती है, क्योंकि माता-पिता को यह चिंता सताती है कि लड़की को जन्म देने पर उसकी शादी में बहुत खर्च होगा और फिर भी उसके ससुराल में खुश रहने की गारंटी नहीं है। ऐसे अपराध लड़कियों के मन में भी यह भावना पैदा करते हैं कि पढाई से अर्जित योग्यता कोई मायने नहीं रखती और शादी में खर्च पैसे व अधिक दहेज ही उसके पति को खुश रख सकते हैं।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेश गजराज ने अदालत को बताया कि मृतक रीना के भाई पवन सिंह ने 15 फरवरी, 2021 को करणी विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन की एक दिन पहले गला घोंटकर हत्या की गई है। उसके ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और इसके चलते उसकी हत्या की गई है।

इस पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अभियुक्त की ओर से अपने बचाव में कहा गया कि मृतका के संतान नहीं होने के कारण वह अवसाद में थी और इसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

# युवा कांग्रेस के बेहतर भारत की बुनियाद को लेकर चर्चा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जयपुर शहर युवा कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न हुई।

सह प्रभारी चंद्रकला नागौरी, सह प्रभारी अकबर हुसैन, प्रदेश महासचिव ज़ुबैर अली खान राजस्थान युवा कांग्रेस नेतृत्व में रखी हुई इस बैठक में इस महीने बैंगलोर में होने वाली भारतीय युवा कांग्रेस के बेहतर भारत की बुनियाद राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर पूरी युवा कार्यकारिणी के साथ चर्चा हुई।

इस बैठक में राहुल गांधी की सोच को गांव गांव ढाणी ढाणी अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक राहुल गांधी जी की सोच को पहुंचाने का संकल्प लिया। जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राकेश सैनी, टीपू सुल्तान उपाध्यक्ष अजय मीणा, महासचिव चतर सिंह नरूका, जावेद खान, युवराज मोटवानी, सोयाब चंदेल, गुलफाम खान, एजाज खान, सलमान खान, जुबेर खान, रवि कसोतिया, मनोज मीणा, सचिन मीणा, मोहम्मद अली शेख, आफताब अहमद, दिनेश वर्मा राम लाल चौधरी व सभी युवक कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नशीला जूस पिलाकर महिला से गैंगरेप

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में नशीला जूस पिलाकर एक महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। बाहर से आए दो रिश्तेदार रात को रुकने के लिए दोस्त को लेकर उसके घर आए थे। बेहोशी की हालत में आरोपियों ने रातभर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। सुबह बेहोशी की हालत में नहलाकर दूसरी ड्रेस पहनाकर ओला कैब से ड्यूटी पर भेज दिया। करधनी थाने में पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि निवारू रोड निवासी 35 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह सिंधीकैम्प इलाके में जॉब करती है। गत 10 जून की दोपहर दो रिश्तेदार एडिमशन के लिए कॉलेज देखने के लिए जयपुर आए थे। रिश्तेदारों ने कहा कि आज कुछ कॉलेज देखे है और कल कुछ ओर कॉलेज देख लेगे। उसके लिए रात को तुम्हारे घर ही रूकेंगे। रिश्तेदार होने के कारण पीड़िता ने घर रुकने की सहमति दे दी। आरोप है कि रात करीब 8 बजे ऑफिस से रिश्तेदारों ने उसे कार में बैठाया। जिसके बाद रास्ते में आरोपी रिश्तेदारों ने अपने एक दोस्त को भी बैठा लिया। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि घर आने के बाद वह बाथरूम में नहाने चली गई। नहाकर बाहर आने पर आरोपियों ने केले का जूस रख रखा था। जूस में नशीला पदार्थ मिला होने के कारण पीते ही वह बेहोश हो गई।

आरोप है कि बेहोशी की हालत में आरोपियों ने बारी-बारी उसके साथ दुष्कर्म किया। रातभर गैंगरेप करने के बाद सुबह उसे नहलाकर दूसरे कपड़े पहना दिए। जिसके बाद ओला कैब से ड्यूटी पर भेज दिया। तबीयत खराब देखकर साथी कर्मचारी उसे डॉक्टर के पास लेकर गए। ग्लूकोज चढ़ाने के बाद हालत में कुछ सुधार हुआ। बाद में पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

# गहलोत ने शेखावत को बताया था संजीवनी घोटाले का आरोपी, अब खुद ही कठघरे में

## मानहानि मामले में अशोक गहलोत को करारा झटका, सात अगस्त को अदालत में पेश होने का आदेश

**नई दिल्ली/जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुरुवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा दायर मानहानि मामले में दिल्ली की कोर्ट से करारा झटका लगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में गहलोत को समन जारी कर सात अगस्त को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश हरजीत सिंह जसपाल की कोर्ट ने समन जारी किया।

शेखावत ने गहलोत के विरुद्ध मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपी थी। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने और गहलोत की तस्वीर वाली खबर का स्क्रीनशॉट के साथ कविता लिखकर ट्वीट साझा करते हुए मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि कीचड़ उछालने वाले लाख हैं मगर, कंठ तक जल में गड़ा, मुस्कुराता है कमल। फरवरी, 2023 में गहलोत ने ट्वीट कर गजेंद्र सिंह शेखावत को संजीवनी घोटाले का आरोपी बताया था। उन्होंने कहा था कि एसओजी की जांच में संजीवनी घोटाले के अन्य गिरफ्तार आरोपियों के समान ही गजेंद्र सिंह शेखावत का जुर्म प्रमाणित हुआ है। इसके बाद शेखावत ने दिल्ली कोर्ट में उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाकर गहलोत के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दायर किया था।

उल्लेखनीय है कि इसी साल मार्च में शेखावत ने गहलोत के खिलाफ दिल्ली की अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। शेखावत ने कहा था कि राजस्थान के मुख्यमंत्री ने ना सिर्फ उनके चरित्र का हनन किया, बल्कि उनकी दिवंगत मां को भी आरोपी करार दिया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 21 फरवरी को आरोप लगाया था कि संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह शेखावत के माता-पिता और पत्नी समेत पूरा परिवार शामिल है। गहलोत और शेखावत के बीच लंबे समय से आरोप-प्रत्यारोप चलते रहे हैं। गहलोत केंद्रीय मंत्री पर उनकी सरकार गिराने की कोशिश का भी आरोप लगाते रहे हैं। गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले को लेकर सुनवाई की। इसके बाद कोर्ट ने अशोक गहलोत को समन जारी कर दिया। उन्हें सात अगस्त को कोर्ट में मौजूद रहने का आदेश दिया गया है।

## सार-समाचार

### दिव्यांगों ने किया 30 लाख का कारोबार

**जयपुर** । राजधानी में पांच दिन से चल रहे दिव्य कला मेला का बुधवार शाम को समापन हो गया। दिव्यांग उद्यमियों ने इस मेले में 30 लाख से अधिक का कारोबार किया। साथ ही कई निजी कम्पनियों की तरफ से इन उद्यमियों को खरीद का आश्वासन भी मिला। समापन समारोह में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश के पूर्व मंत्री लक्ष्मी नारायण बैरवा, विशेष योग्यजन आयुक्त उमाशंकर, राजस्थान अनुजा निगम के एमडी राजेश वर्मा तथा एनएचएफडीसी के महाप्रबंधक अनिल कुमार मौजूद रहे। समापन समारोह में सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि ऐसे मेलों दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में उपयोगी साबित हुए है। साथ ही ऐसे मेलों का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। एनएचएफडीसी के महाप्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से आयोजित इस मेले में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। साथ ही महिला उद्यमियों व कलाकारों की भागीदारी भी अच्छी रही। समापन समारोह में श्रेष्ठ स्टॉल का पुरुस्कार अलिम्को को, श्रेष्ठ महिला प्रतिभागी का पुरुस्कार सुनीता गुप्ता व राखी कौर तथा तारा देवी, सबसे ज्यादा विक्रय पुरुस्कार गणेश हनुवते भगवान, श्रेष्ठ दिव्यांग कलाकार का पुरुस्कार मो. अल्ताफ हुसैन, श्रेष्ठ सेवा का पुरुस्कार राजस्थान अनुसूचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास निगम जयपुर को मिला।

### रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन

**जयपुर** (कासं)। बकाया वेतन-पेंशन और सेवानिवृत्ति परिलाभ की मांग को लेकर गुरुवार को रोडवेज कार्मिकों ने रोडवेज मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाइज यूनियन (एटक) और आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन के बैनर तले कार्मिक यहां एकत्र हुए और मई-जून के बकाया वेतन, पेंशन और 13 माह के बकाया सेवानिवृत्ति परिलाभों में से दो माह के सेवानिवृत्ति परिलाभ का तुरंत भुगतान करने की मांग की। कर्मचारियों का कहना था कि यदि इन भुगतानों में विलंब किया और इसी प्रकार की स्थिति चलती रही तो भविष्य में कर्मचारियों को उग्र प्रदर्शन करना होगा। राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाइज यूनियन (एटक) की ओर से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, प्रदेश उपमहासचिव धर्मेंद्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल हमीद, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, रामअवतार जाट, रणवीर सिंह तथा आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन की तरफ से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष देवी सिंह राव, प्रदेश जनसंपर्क सचिव अशोक कुमार शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

### चोरी की बाइक सहित वाहन चोर पकड़ा

**जयपुर** । मुहाना थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। डीसीपी दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि जयपुर शहर में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए थानाधिकारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने कार्रवाई करते हुए पीपलदा कोटा निवासी रामसिंह बैरवा (25) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 7 जून को परिवादी मनप्रीत सिंह ने मामला दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 4 जून को एक होटल में किसी दोस्त से मिलने के लिए आया था। 20 से 25 मिनट बाद बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। आस-पास तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली तो वह थाने पहुंचा और चोरी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आरोपी रामसिंह बैरवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनसान जगहों से मौका पाकर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते है।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**जयपुर**। रामगंज थाना इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतका इरम पत्नी जहीर अहमद निवासी छपरबंधो की गली घाटगेट के भाई मोहम्मद अकरम ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि जहीर ने शादीशुदा होते हुए भी झूठ बोलकर उसकी बहन से शादी की। जहीर कबूतरबाजी और देह व्यापार में लिप्त है और कई बार जेल जा चुका है। एक बार मृतका ने उसे बताया था कि जहीर ने अपनी बच्ची के साथ भी गलत काम करने की कोशिश की। बहन इरम ने गलत कामों का विरोध किया तो उसके साथ जहीर और इसके परिजनों ने मारपीट की और दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी।

# एक ही स्थान पर जमे सरकारी कर्मचारियों को हटाने की मांग

**जयपुर**। चुनाव आयोग कार्यालय में आज भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन टीम के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त प्रवीण गुप्ता (आईएएस) से मुलाकात की। और अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे हुए सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल रूप से हटवाए जाने की मांग की।

इस दौरान विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची में नव मतदाताओं के नाम जुड़वाने तथा अधिक से अधिक मतदान कराए जाने के प्रयासों पर भी विचार किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने चुनाव आयोग द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। नए मोबाइल ऐप, वोटर हेल्पलाइन सुविधा, सक्षम वोटर पोर्टल, केवाईसी एवं सी विजिल वोटों के बारे में भी प्रतिनिधिमंडल को जानकारी उपलब्ध करवाई। मतदान के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांगजन (पर्सन विद डिसेबिलिटी) के लिए पोस्टल वेलेट की सुविधा पर भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में चंद्रमोहन मीणा सेवानिवृत्त आईएएस व पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त राजस्थान, राजेंद्र सिंह शेखावत प्रदेश संयोजक भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ, सुरेंद्र सिंह नरूका मौजूद रहे।

# रिटायर्ड कर्मचारियों से मिले सांसद बोहरा

**जयपुर**। बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड ड स्टॉफ सोसाइटी के पदाधिकारियों ने आईसीआईसीआई बैंक में बैंक ऑफ राजस्थान के विलय के पश्चात रिटायर्ड ड कर्मचारियों को पेंशन मे आ रही समस्याओं के सम्बंध मे सांसद बोहरा को ज्ञापन प्रस्तुत कर पारिवारिक पेंशन की निर्धारित दर के कार्यान्वयन, आरबीआई के अनुसार पेंशन अद्यतन करना और आजीवन चिकित्सा सुविधा प्रदान करना आदि के सम्बंध मे अवगत कराया। सासंद बोहरा ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारीयों -कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि केन्द्रीय वित्त मंत्री से शीघ्र ही इस सम्बन्ध मे चर्चा कर समस्याओं का निराकरण करवायेंगे।

# वाणिज्य कर उपायुक्त के तीन ठिकानों पर ए.सी.बी. का छापा

**जयपुर** । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने जयपुर में तैनात वाणिज्य उपायुक्त चौबे लाल मीणा के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया है। एसीबी टीम ने गुरूवार सुबह चौबेलाल के आवास व अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसीबी को प्रारम्भिक जांच में चौबे के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति के दस्तावेज मिले। जिसके बाद उसका एसीबी ने सत्यापन कराया शिकायत सही मिलने पर एसीबी ने एफआईआर दर्ज कर ली।

एसीबी एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय पर चौबेलाल मीणा के खिलाफ शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने पर एसीबी की इंवेस्टिगेशन शाखा से शिकायत का सत्यापन कराया गया। जिस में आय से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का मामला बनना पाये जाने पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जांच अधिकारी ललित शर्मा के नेतृत्व में ब्यूरो की जयपुर व इन्टेलिजेंस यूनिट के सहयोग से विभिन्न टीमों का गठन किया जाकर गुरूवार अलसुबह से चौबेलाल मीणा के 3 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई है। ब्यूरो की प्रथम सूचना रिपोर्ट के प्राथमिक आंकलन एवं अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार चौबेलाल मीणा एवं उनकी पत्नी ने जयपुर में कई सम्पत्ति ली हुई है।

# गंदगी व आवारा पशु देखकर स्वायत्त शासन सचिव ने अफसरों को लताड़ा

## स्वायत्त शासन सचिव महेशचंद्र शर्मा व निदेशक हृदयेश शर्मा ने परकोटा घूमकर अधिकारियों को दिखाई बदहाल सफाई-सीवरेज की हकीकत

- आयुक्त राजेन्द्र सिंह को 48 घंटों के भीतर हालात सुधारने के लिए कहा
- परकोटे के आवारा पशुओं को पकड़कर हिंगोनियां गौशाला भेजने के निर्देश



स्वायत्त शासन सचिव महेशचंद्र शर्मा ने अजमेरी गेट स्थित यादगार के पास सड़क पर सीवरेज लाइन का गंदा पानी बहता देखकर नाराजगी जताई। उनके साथ स्वायत्त शासन निदेशक हृदयेश शर्मा और हैरिटेज निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

**जयपुर** (कासं)। मानसून आ चुका है, लेकिन राजधानी जयपुर की सड़कों पर गंदगी व मलबे का ढेर है। सड़कों पर कहीं आवारा पशु घूमते दिख रहे हैं तो कहीं सीवरेज का पानी बहता मिल रहा है।

परकोटे में यह हालात ज्यादा बिगड़े हुए है। गुरूवार को स्वायत्त शासन सचिव महेशचंद्र शर्मा ने जब लगातार दूसरे दिन शहर में औचक निरीक्षण किया तो यह पोल खुलकर सामने आयी। उन्होंने यह अव्यवस्थाएं देखकर हैरिटेज निगम के अफसरों को लताड़ लगाई। चारदीवारी में घूमते आवारा पशुओं को जल्द से जल्द पकड़कर हिंगोनिया गोशाला भेजने के आदेश दिए। इस दौरान डीएलबी निदेशक हृदयेश शर्मा, नगर निगम आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत समेत नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। अजमेरी गेट पर सीवरेज का पानी सड़क पर बहता देखकर स्वायत्त शासन सचिव महेशचंद्र शर्मा ने नाराजगी जाहिर की और जल्द से जल्द उसे दुरुस्त करने के आदेश दिए। इसके बाद जैसे ही शर्मा मनिहारों के रास्ते पहुंचे, वहां नालियों का कचरा बाहर पड़ा हुआ था, जिसे हूपर ने नहीं उठाया था। इस पर भी शर्मा ने अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। चारदीवारी में जगह-जगह गंदगी और सीवरेज का पानी बहता देख शर्मा ने 48 घंटों में बदहाल व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्वायत्त शासन सचिव महेश शर्मा ने 22 गौदाम सर्किल से चौमू सर्किल, स्टेच्यू सर्किल, पांच बत्ती, अजमेरी गेट, मनिहारों का रास्ता, बापू बाजार, इन्दिरा बाजार, बाबा हरीश चन्द्र मार्ग, नाहरगढ़ रोड, माउंट रोड, रामगढ़ मोड सर्किल, जलमहल, सुभाष चौक का दौरा किया।

# अपार्टमेंट की पार्किंग में महिला की चेन तोड़ी

- मानसरोवर क्षेत्र में मांग्यावास स्थित एक अपार्टमेंट की पार्किंग की घटना
- किराए का फ्लैट पूछने के बहाने नजदीक आया था बदमाश, धक्का देकर सोने की चेन तोड़कर भाग गया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र के मांग्यावास स्थित एक अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर बदमाश फरार हो गए। किराए का फ्लैट पूछने के बहाने बदमाश अपार्टमेंट की पार्किंग तक पहुंच गया था। बदमाश ने छीना-झपटी की तो महिला नीचे गिर गई। इसी का फायदा उठाकर बदमाश फरार हो गए। इसका गुरुवार को सामने आया है।

मामला शहर के मानसरोवर थाना क्षेत्र के मांग्यावास का 4 जुलाई का है। इसका सीसीटीवी अब सामने आया है। पीड़िता के पति नीरज जैन ने 5 जुलाई रात 8 बजे मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि गरिमा जैन (45) मांग्यावास के कृष्णा विहार अपार्टमेंट में रहती है। पति नीरज जैन का शेयर मार्केट का काम करते है। गत 4 जुलाई की दोपहर वह टैगोर हॉस्पिटल में डॉक्टर्स को दिखाने गई थी। दोपहर करीब 2.15 बजे स्कूटी से वापस अपने फ्लैट पर लौटी। अपार्टमेंट की पार्किंग में वह स्कूटी खड़ी कर रही थी।

इसी दौरान अपार्टमेंट की बिल्डिंग के सामने बाइक सवार दो लड़के आकर रुके। एक लड़का बाइक से उतरकर पार्किंग में अंदर आया। किराए पर फ्लैट होने के लिए पूछा। दूसरा लड़का बाइक स्टार्ट करके खड़ा था। मना करने के बाद भी लड़का अंदर चला आया और झपट्टा मारकर गले से चेन तोड़ने की कोशिश की। महिला ने बदमाश का विरोध कर पकड़ने का प्रयास किया तो छीना-झपटी के दौरान महिला नीचे गिर गई और इसी का मौका देख बदमाश सोने की चेन लेकर फरार हो गया।

गरिमा ने बताया कि घटना के दौरान अपार्टमेंट के नीचे कुछ बच्चे भी खेल रहे थे। इससे पहले जैसे ही बदमाश अंदर आया तो मुझे शक हुआ। मैं जैसे ही थोड़ा पीछे हटी वह मेरे सामने आकर झपट्टा मारने लगा। जब बदमाश चेन तोड़कर फरार हुए तो मैंने उनका पीछा भी किया, लेकिन तब तक वे भाग चुके थे। इधर, घटना के बाद अपार्टमेंट के लोग भी डरे हुए हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों की फुटेज में कैद हुए बदमाशों के हुलिये के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों का कोई सुराग नहीं है।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
रेल्वे कैम्पस शाखा, रेल्वे स्टेशन के पास, अजमेर 305001
फोन नं.: 0145- 2432849, ई-मेल: ralajm@bankofbaroda.co.in


प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **सुश्री मरियम पुत्री श्री अब्दुल सत्तार** एवं जमानतदार **श्री सैयद तबरेज हुसैन चिश्ती पुत्र श्री सैयद गुलजार चिश्ती पर मांग सूचना दिनांक 20.12.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 19.12.2022 को बकाया राशि रू. 21,99,193.87 (रूपये इकीस लाख निन्यानवे हजार एक सौ तिरानवे एवं पैसे सतासी मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 04, माह जुलाई, वर्ष 2023** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 19.12.2022 को बकाया राशि रू. 21,99,193.87 (रूपये इकीस लाख निन्यानवे हजार एक सौ तिरानवे एवं पैसे सतासी मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, रेल्वे कैम्पस शाखा, रेल्वे स्टेशन के पास, अजमेर 305001** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि सुश्री मरियम पुत्री श्री अब्दुल सत्तार के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति एएमसी नं. 22/235 = 22/235 = 21/84 जो गणेश मंदिर के पास, बड़ा पीर रोड, माली मोहल्ला, नवाब का बेड़ा, अजमेर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 96.31 वर्ग गज है। सीमाएं- उत्तर: श्री खेमचंद का मकान, दक्षिण: श्री नरसिंह चौधरी का मकान, पूर्व: आम रोड, पश्चिम: आम रोड
दिनांक: 04.07.2023 हस्ता.
स्थान: अजमेर प्राधिकृत अधिकारी

# लाठियों से पीट-पीटकर कर पड़ौसी की हत्या

## सांप निकलने के बाद हुई थी आपसी कहासुनी



अस्पताल के बाहर परिजनों की रुलाई फूट पड़ी।

**सूरजगढ़,** (निसं)। बेरहमी से अपने ही पड़ौसी की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पीड़िता अनिता ने बताया कि आरोपी सुमेर से उसके पति प्रकाश कुमार की काफी वर्षों से अनबन चल रही थी। बुधवार को सुमेर व सुमेर के परिवार के लोगों ने उसके पति की लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसे घर के चबूतरे पर डाल कर चले गए। परिवार ने जब संभाला तो प्रकाश कुमार की मौत हो चुकी थी।

पीड़िता अनिता ने बताया कि सुमेर से वर्षों से मनमुटाव चल रहा है। शाम को सुमेर सिंह के घर सांप निकला था। परिवार के लोग शाम को मारने की कोशिश कर रहे थे। इतने में ही खेत से लौटे उसके पति प्रकाश कुमार भी सुमेर सिंह के घर पहुंच गया। इसी दौरान दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी से नाराज होकर सुमेर सिंह सहित उनके परिवार जनों ने उसके पति प्रकाश कुमार की हत्या कर दी। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। सूरजगढ़ पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

रविंद्र कुमार, एसएचओ, सूरजगढ़ का कहना है कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि लोटिया गांव में दो पड़ौसियों के बीच कहासुनी के बीच झगड़ा हो गया था। जिसमें प्रकाश कुमार की मौत हो गई। प्रकाश कुमार की पत्नी अनिता की रिपोर्ट पर सुमेर सिंह सहित अन्य के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है। हत्या के कारणों के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## दिनदहाड़े युवक की गला रेतकर हत्या

**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ कोतवाली थाना क्षेत्र के राडी के बालाजी इलाके में गुरुवार को एक युवक की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या कर दी गई बदमाशों ने युवक की निर्मम हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने पूरे इलाके में नाकाबंदी कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक इरफान पिछले दिनों आरोपियों के परिवार की एक महिला को भगा ले गया था उसी के चलते दोनों परिवारों में पुरानी रंजिश चल रही थी और आरोपियों ने गुरुवार को मौका देख कर इरफान की बेरहमी से हत्या कर दी वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी मुकुल शर्मा सहित कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुआयना किया जिसके बाद फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाकर जांच करवाई गई है। मामले की जानकारी देते हुए झालावाड़ डीएसपी मुकुल शर्मा ने बताया कि शहर के राड़ी के बालाजी रोड पर स्थित एक दुकान संचालक इरफान की कुछ बदमाशों ने नृशंस हत्या की है. परिजनों द्वारा पप्पी और शहजाद सहित 2 से 3 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है. आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा

मृतक के भाई इकबाल ने बताया कि उसका बड़ा भाई इरफान राड़ी के बालाजी इलाके में डी जे की दुकान चलाता है गुरुवार सुबह जब वह अपनी दुकान पर गया तो उसी दौरान पप्पी और शहजाद सहित 2-3 अन्य बदमाश उसकी दुकान पर आ गए और इरफान से झगड़ा करने लगे बाद में उन लोगों ने उस पर तलवारों व अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया और गला रेतकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी घटना के दौरान मैंने उसे बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन तब तक हत्यारे वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए वहीं, बाद में मौजूद लोग इरफान को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निलंबित चेयरमैन मंजू सोनी को हाईकोर्ट से स्थगन आदेश मिला

■ वित्तीय अनियमितता पर स्वायत्त शासन विभाग जयपुर ने चेयरमैन मंजू देवी सोनी को निर्वाचित होने के बाद दो बार शपथ ग्रहण कर राजकीय कोष को हानि पहुंचाने की शिकायत पर निलंबित कर दिया था

**कपासन,** (निसं)। कपासन नगर पालिका की निलंबित की गई चेयरमैन मंजू देवी सोनी को 21 दिन बाद हाईकोर्ट से स्थगन आदेश मिला। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जश्न मनाया। इधर जोधपुर से निलंबन पर स्टे की जानकारी मिलते ही विधायक अर्जुनलाल जीनगर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पांच बत्ती चौराहे कपासन पर जुटे और ढोल धमाकों के साथ लगभग आधा घंटा आतिशबाजी की। साथ ही मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया और एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए बधाईयां दी।

इस अवसर परविधायक अर्जुनलाल जीनगर ने बताया की कांग्रेस पार्टी ने षड्यंत्र करके नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी को निलंबित करवाया। निलंबन के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील की गई। आज हाईकोर्ट ने स्टे आदेश दिया है। वहीं नगर पालिकाचेयरमैन मंजू देवी सोनी ने स्टे मिलने पर कहा कि यह असत्य पर सत्य की जीत है। मुझे ईश्वर और न्यायालय पर पूरा भरोसा था। मैंने कभी कोई गलत काम नहीं किया और भविष्य में भी नहीं करूंगी। जानकारी के अनुसार 15 जून को वित्तीय अनियमितता पर स्वायत शासन विभाग जयपुर ने कपासन नगर पालिका चेयरमैन मंजू देवी सोनी को निर्वाचित होने के बाद दो बार शपथ ग्रहण कर राजकीय कोष को हानि पहुंचाने की शिकायत पर निलंबित कर दिया था।

इसके 13 दिन बाद 28 जून स्वायत्त शासन विभाग के आदेश से कांग्रेसी पार्षद शालू टांक ने चेयरमैन पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया था। इसके 8 दिन बाद 6 जुलाई गुरुवार को निलंबित मंजु देवी सोनी चेयरमैन को हाईकोर्ट से स्टे मिला। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक चंडालिया, नगरपालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, पार्षद मुकेश पलोड, गोपाल पुरबिया, अशोक विजयवर्गीय, अकील शाह, पुष्पा वैष्णव,पार्षद वंदना सोनी, सुनिता बारे गामा, पार्षद वंदना सोनी वंदना बुडसाना, नंदकिशोर टेलर, पंकज सिरोया, पंचायत समिति सदस्य दिनेश पाराशर, सरपंच रतन नाथ योगी, रामेश्वर लाल जाट, बद्री लाल, बबलू सोनी, मनीष बारेगामा, राधेश्याम वैष्णव, मोहन लाल जाट सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि सहित मौजूद रहे।

## नगदी चोरी

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाने के गांव रामसरा में नकाबपोस दो लोगों द्वारा घर में घुसकर हजारों की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले जाने व पकड़ने का प्रयास करने पर गोली चलाने की धमकी देकर फरार होने के आरोप का मामला सिद्धमुख थाने में दर्ज करवाया गया है। सिद्धमुख थाने में दर्ज प्रकरण में निरंजन कुमार पुत्र बनवारीलाल शर्मा निवासी रामसरा ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि चार जुलाई को वह अपने ससुराल गया हुआ था तथा घर में उसके बुढे मां-बाप व उसकी बहन घर की बाखल में सोये हुए थे। तभी रात्रि लगभग तीप बजे के बाद दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए थे।

## युवती ने लगाई छत से छलांग

**अजमेर,** (कासं)। जिले के एक पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने दो तीन पूर्व एक युवक पर फर्जी तरीके से शादी करने एवं दुष्कर्म कर पीड़िता के अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने से परेशान पीडिता ने तीसरी मंजिल की छत से छलांग लगा दी। परिजन ने क्षेत्रवासियों की मदद से पीड़िता को जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

सूचना मिलते ही मौके पुलिस अधिकारी व कोतवाली थाना प्रभारी मय जाब्ते के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पीडिता की बहन का आरोप है कि मेरी बहन के साथ हमारे पड़ौस में रहने वाले सुनिल नामक युवक ने पुष्कर के होटल में ल जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया और इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के अश्लील वीडियो भी बना लिए थे। जिसके बाद पीड़िता को अश्लील वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल किया गया। पीड़िता ने परेशान होकर मामले की शिकायत थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही फर्जी विवाह कर फोटो खींच लिए जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके साथ ही आरोपी के द्वारा जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए और लगातार उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परेशान कर रहा था।

# ए.टी.एम. से नगदी उड़ाने वाली गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। नेशनल हाईवे नंबर 48 पर लगी एसबीआई बैंक एटीएम मशीन काटकर 15 लाख 53 हजार रुपए उड़ाने के मामले में उच्चाधिकारियों के निर्देशन में बहरोड़ वृत्ताधिकारी तेज कुमार पाठक के सुपरविजन में बहरोड़ थाना अधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कुख्यात इरफान अब्बल गैंग का एक और बदमाश इरफ़ान उर्फ छोटूराम पुत्र राजमल मेव हसनपुर माफी थाना तिजारा जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

बहरोड़ थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि एसबीआई बैंक की एटीएम मशीन आरटीडीसी मिडवे होटल जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित को गैस कटर से काटकर 15 लाख 53 हजार रुपए चोरी करने के मामले में पूर्व में मुरसलीम तथा सालिम को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के बाद इरफान उर्फ छोटू पुत्र राजमल मेव निवासी हसनपुर माफी थाना तिजारा अलवर को न्यायालय आदेशानुसार प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार किया।

## राजे का स्वागत

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया गुरुवार को कोटा से दिल्ली जाते समय कुछ देर के लिए सवाई माधोपुर के कुस्तला चौराहे पर रुकी। जहां भाजपा नेता कमलेश जैलिया व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मीणा के नेतृत्व में भाजपा कार्यक्रताओं एंव पदाधिकारियों ने वसुंधरा राजे सिंधिया का स्वागत किया। इस दौरान भाजपाइयों ने राजे को साफा बंधाया और पुष्प गुच्छ भेंट करने के साथ ही माला पहनाकर व त्रिनेत्र गणेश की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्थान का सीएम कैसा हो वसुंधरा राजे जैसा हो के नारे भी लगाए। जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कोटा से कोटा लालसोट मेगा हाईवे से सवाई माधोपुर के कुस्तला पहुंची। जहां भाजपाइयों द्वारा राजे का स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान राजे ने भाजपाइयों से संक्षिप्त रूप में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा कर संगठन के बारे में जानकारी ली।

# बदमाशों का आतंक, नागौर से आई गाड़ियों के चालकों को धमकाया

## पिस्तौल तानी, गाड़ियां चलाने के लिए मांगे दस-दस हजार रुपये

**जोधपुर,** (कासं)। नागौर जिले से लाइम स्टोन भरकर आ रही गाड़ियों के चालकों के साथ स्थानीय बदमाशों ने पाल बालाजी के निकट अवैध वसूली के नाम पर दस-दस हजार रूपए मांगे। पिस्तौल तानकर धमकाया और लाइम स्टोन सड़क पर जबरन खाली कर भाग गए। गाड़ियों पर पत्थर के साथ डंडों लगियों से हमला कर तोड़फोड़ कर डाली। घटना दो थानों के बीच हुई है। इसमें चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में नागौर जिले के खिंवसर थानान्तर्गत टाकला निवासी ओमप्रकाश पुत्र तेजाराम ने बताया कि वह नागौर के खिंवसर से लाइम स्टोन भरकर अपने दो अन्य साथियों के डंपरों जिनमें खिंवसर के नागजी के थानाराम पुत्र गणपत राम और डेहरू खिंवसर के दिनेश पुत्र शैतानाराम के साथ जोधपुर के बोरानाडा आ रहे थे। इनके डंपरों में लाइम स्टोन भरा था। यह लोग बुधवार की शाम को खिंवसर से रवाना हुए थे। तड़के चार बजे यह लोग जब नहर चौराहा क्रास कर पाल बालाजी के समीप पहुंचे तो पीछे से एक डंपर, क्रेटा और बोलेरो में सवार होकर 10-15 लोग आए। उन लोगों ने उनके डंपरों को आगे पीछे करवाते हुए रूकवाया। गाड़ियों में सवार उचियारडा का विक्रम जाणी, श्रवण जाणी के साथ फिटकासनी का सुनील बाबल आदि थे। विक्रम ने कहा कि यहां पर गाड़ियां चलानी है तो हर माह दस दस हजार रूपए देने होंगे। आरोप है कि उनके हाथ पिस्तौल थी। रूपए देने से इंकार करने पर मारपीट की फिर गाड़ियों में तोड़फोड़ के साथ उनमें भरा लाइम स्टोन सड़क पर बिखेर दिया। इन लोगों ने परिवार और मालिक के जान की धमकीं दी। घटना में अब चौहाबो पुलिस तफ्तीश कर रही है।

परिवादी का कहना है कि उनको बोरानाडा के सीएमआई यानी केमिकल एंड मिनरल फैक्ट्री पर जाना था। मगर उससे पहले बदमाशों ने लूटपाट कर धमकाया। इसमें सबसे बड़ी बात है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई वह थानों के बीच पड़ती है। पाल जाने वाले रास्ते से आगे बोरानाडा थाना है तो उससे पाल रोड पर ही चौहाबो थाना पड़ता है। ऐसे पुलिस की गश्त पर सवालिया निशां लग रहे है। गश्त के बावजूद तड़के हुई घटना को लेकर चालकों में भय व्याप्त है।

## श्मशान भूमि में युवती का शव मिला

■ चार से पांच दिन पुराना है शव, नहीं हो पाई पहचान

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। रायसिंहनगर इलाके के गांव 24 पीएस की श्मशान भूमि में युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव करीब चार से पांच दिन पुराना है और सड़ी गली हालत में है। एक चरवाहे ने गुरुवार सुबह शव देखा तो इसकी सूचना ग्रामीणों और रायसिंहनगर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाके में पिछले कुछ दिन में लापता हुए व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

शव की सूचना पर डीएसपी अनु बिश्नोई और एसआई ओमप्रकाश पहुंचे। घटना स्थल पर डॉग स्कवॉयड और एसएसएल टीम को भी बुलाया गया। मौके पर सबूत जुटाने के लिए पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। मृतका ने सफेद पेंट और आसमानी शर्ट पहना हुआ है। पुलिस युवती का शव यहां तक पहुंचने के बारे में जानकारियां जुटा रही है। रायसिंहनगर और इसके आसपास के थाना क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह में लापता हुए लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस इसके आधार पर युवती के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## जहर मिलाने का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाना पुलिस ने ढिगारला निवासी एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर उसके गांव के ही दो लोगों के खिलाफ खेत में रखे मटके व कुण्ड में जहर मिलाने के आरोप का मामला दर्ज किया है। सिद्धमुख थाने में राजेन्द्र निवासी ढिगारला ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि पांच जुलाई की रात्रि के किसी समय गांव का ही आरोपी सुल्तान पुत्र लादूराम व बलवान पुत्र लादूराम ने एकराय होकर उसके खेत में मटके, कुण्ड में जहर मिला दिया। उसके बाद वह सुबह अपने पुत्र के साथ खेत गया और पानी पिया तो बदबू आ रही थी।

## हादसे में महिला की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। नापासर में एक महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यहां गुंसाईसर के समीप रोडवेज बस और कार में टक्कर हुई थी और महिला कार में सवार थी। हादसे में दो अन्य घायल हुए हैं, जिन्हें पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया है।

जानकारी के अनुसार जयपुर रोड पर गुंसाईसर के पास हुए इस हादसे में रोडवेज बस और कार आमने-सामने टकरा गए। टक्कर में कार को ज्यादा नुकसान पहुंचा। कार में सवार महिला की तरफ ही टक्कर लगी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर सहित दो लोग इस कार में सवार थे, जिन्हें तुंरत पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इनका इलाज चल रहा है। कार गुंसाईसर से श्रीडूंगरगढ़ की तरफ जा रही थी, जबकि बस बीकानेर की ओर आ रही थी। कार में सवार युवक और युवती केसरदेसर गांव के बताए जा रहे हैं। महिला का नाम सुमित्रा है जो महज 27 साल की थी। मृतका के शव का पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। बीकानेर से जयपुर के लिए जाने वाले इस मार्ग पर सड़क हादसे इसी मार्ग पर होते हैं। गुंसाईसर से आगे आवारा पशु सड़कों पर बैठे रहते हैं। अचानक पशु आने से भी कई बार ड्राइवर संतुलन खो बैठता है और सड़क हादसा हो जाता है।

## करंट लगने से किसान की मौत

**बीदासर,** (निसं)। निकटवर्ती गांव ढाणी कालेरान की खेत रोही में बने ट्यूबवेल पर मोटर को चालू करते समय 45 वर्षीय किसान भंवराराम जाट को बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो गई। थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र सियाराम जाट ने लिखित रिपोर्ट दी कि गुरुवार की सुबह मेरे पिता भंवरा राम सुबह बिजली आने पर मोटर चालू करने लगे, तो मेरे पिता के बाएं हाथ में बिजली का करंट लग गया। बिजली का करंट लगने पर आस-पास के काश्तकार नोरतन ने मेरे पिता को बचाने का प्रयास किया।

## ज्यादती करने का मामला दर्ज

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय पुलिस थाने में एक पीड़िता ने अपने साथ ज्यादती करने के आरोप में नामजद मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया है कि गांव बहड निवासी धर्मराज पुत्र हरसहाय मीणा के साथ करीब एक वर्ष पूर्व शादी की बात चली थी। लेकिन परिवार वालों ने इंकार कर दिया। इसके बाद एक दिन आरोपी नशीली चीज सुंघाकर जबरन अपने साथ ले गया तथा ज्यादती की और अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। इसके बाद अश्लील फोटो और वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल करने लगा। एक दिन वह कॉलेज आ रही थी इसी दौरान गुन्सी के समीप आरोपी धर्मराज अपने साथी कमल मीणा, सोनू मीणा, खुशीराम मीणा एवं धोली देवी ने जबरन नशीली दवा सुंघाकर मैक्स गाडी में डाल लिया।

रास्ते में एक होटल में कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा पिला दी और अजमेर ले गए। इसके बाद सभी आरोपी अजमेर ले जाकर आर्य समाज में जबरन शादी करवा दी और वापस लाकर गुन्सी में छोड़ दिया। इसके साथ बाद आरोपी ने धमकी दी कि अपने घर वालों को इस बारे में नहीं बताए। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# पुलिस मुठभेड में घायल आरोपी की उपचार के दौरान मौत

■ इंदासर में सरपंच के घर में घुसकर चोरी, डकैती व फायरिंग का मामला

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ तहसील की गोठ्या बड़ी के गांव इन्दासर गांव में सरपंच सुनील कुमार गोस्वामी के घर में घुसकर 24 जून रात्रि एक बजे सोने चाँदी के जेवरात व ०8 लाख 4० हजार रूपये की चोरी, डैकती व फायरिंग की घटना में पुलिस व आरोपी के बीच आमने-सामने हुई मुठभेड में एन्काउटर के दौरान फायरिंग में घायल एक आरोपी की बीकानेर अस्पताल में उपचार के बीती रात्रि को मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार मुठभेड में आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की थी, जिसमें आरोपी द्वारा की गई फायरिंग में पुलिस कि गाडी पर गोली लगी थी, मगर पुलिस के जवान बाल-बाल बचे थे, मगर जवाबी कार्यवाही में पुलिस की दो गोलियां आरोपी के पैर में लगी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्दासर गांव में सरपंच सुनील कुमार गोस्वामी के घर में हुई चोरी, डकैती व फायरिंग की घटना के दौरान गठित पुलिस टीमों ने पांच आरोपियों को ग्रामीणों की मदद से मौके से दबोच लिया गया था, लेकिन एक आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया था तथा राजगढ़ तहसील के निकटवृती गांव मांगला की जोहडी में पुलिस व मौके से फरार आरोपी लखमी उर्फ लखमीचन्द्र पुत्र श्रीराम उर्फ सरनाम कश्यम निवासी रामविहार बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद व पुलिस के बीच आमने सामने हुई मुठभेड के दौरान पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही लखमी उर्फ लखमीचन्द्र के पैर में दो गोली लगने से वह घायल हो गया था। घायलावस्था में उसे राजगढ़ से चूरू तथा चूरू से बीकानेर रेफर कर दिया गया था, जहां वह उपचाराधीन था। मगर बीती रात्रि को उपचार के दौरान डकैती के उक्त घायल आरोपी लखमी उर्फ लखमीचन्द्र की मौत हो गई।

गौरतलब है कि गोठया बडी के सरपंच सुनील कुमार गोस्वामी के घर गांव इन्दासर में घुसकर उनके पुत्र पुनीत कुमार गोस्वामी पर फायरिंग करने, चोरी व डकैती के मामले में गिरफ्तार आरोपी भूरा पुत्र विजयपाल कश्यप, गुलशन उर्फ पोली पुत्र राजू उर्फ नन्हे कश्यम, राजू उर्फ नन्हे पुत्र भवानी कश्यप, सागर पुत्र छोटू उर्फ श्याम सिंह कश्यम निवासीगण बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद व राजकुमार पुत्र विजयपाल कश्यप निवासी बनथला पुलिस थाना लोनी जिला गाजियाबाद हाल बवाना रोड शाबा डेयरी दिल्ली०6 जुलाई तक के लिए पुन: रिमाण्ड पर चल रहे हैं। गौरतलब है कि कॉल डिटेल व विश्लेषण के बारे में बार-बार आरोपियों से पूछताछ में पूर्व की नकबजी घटना में गौठया बडी की एक, मेडता सिटी की करीब तीन, पाली की दो, गुजरात की दो एवं हरियाणा की करीबन 20 वारदातों का खुलासा हुआ है।

# विधायक ने श्रीराम नारायण चौधरी कृषि महाविद्यालय भवन की नींव रखी

■ 14 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से बनेगा भवन


**मंडावा,** (निसं)। श्री राम नारायण चौधरी कृषि महाविद्यालय भवन का भूमि पूजन गुरुवार को मंडावा- झुंझुनू रोड पर ढाका का बास के पास विधायक रीटा चौधरी ने किया। पंडित अनिल मुरारी शर्मा के सानिध्य में विधायक रीटा चौधरी, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी देवी, पूर्व पालिका अध्यक्ष सज्जन मिश्रा, पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, बिसाऊ पालिका अध्यक्ष मुस्ताक खान अलसीसर प्रधान घासीराम पुनिया, मंडावा प्रधान शारदा देवठिया, मंडावा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष किरोड़ीमल पायल, महाविद्यालय प्राचार्य सागरमल कुमावत, कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर के प्रमुख डॉ दयानंद सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ नीव में पत्थर रखकर भवन निर्माण का कार्य शुरू करवाया।



कृषि महाविद्यालय भवन की नींव कार्यक्रम में पूजा करते हुये विधायक रीटा चौधरी ( दांये से पहले )।

महाविद्यालय की छात्राओं ने तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया व महिलाओं ने मंगल गीत गाए। महाविद्यालय के अधिष्ठाता सागरमल कुमावत ने महाविद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विधायक ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा और शिलान्यास का इसलिए नहीं रखा क्योंकि मेरी इच्छा थी कि मुख्यमंत्री आए लेकिन वो अस्वस्थ थे इसके कारण उनका आना कैंसिल हो गया लेकिन बहुत जल्द ही अशोक गहलोत आएंगे और बड़े स्तर पर कार्यक्रम रखा जाएगा। विधायक ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य क्षेत्र में विकास कार्यों में आज मंडावा अव्वल है। क्योंकि मुख्यमंत्री से मैंने जो भी मांगा वह उन्होंने दिया, मुझे जनता दुबारा सेवा का मौका देगी तो विकास कार्य जारी रहेंगे और बिना किसी भेदभाव के आमजन की समस्याओं का समाधान होगा। विधायक ने कहा कि आप लोगों ने हमेशा मेरे पिताजी का साथ दिया चाहे वह चुनाव जीते या हारे तथा उसी तरह वैसा ही प्यार और आशीर्वाद आपका मुझ पर बना रहे और मेरा एक ही सपना है शिक्षा के क्षेत्र में मंडावा का राजस्थान में नाम हो।

गौरतलब है कि कृषि महाविद्यालय स्वीकृत होने के बाद 2021 में मंडावा में महाविद्यालय की सारी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो गई थी और 14 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि से महाविद्यालय के नवीन भवन का निर्माण होगा तथा एक साल में इसका काम पूरा हो जाएगा ओर कुहाडू में इसका रिसर्च सेंटर बनेगा। संचालन शमशाद खान ने किया। इस दौरान हनुमानपुरा पूर्व सरपंच हरफूल सिंह दूलड़, रामकुमार दूकिया, पीसीसी प्रतिनिधि सलीम खां सीगड़ी, भोजासर सरपंच ओम प्रकाश मील, मेहरादासी सरपंच ओपी मोगा, नरेश खादीवाला, सुशीला पूनिया, पूर्व सरपंच भगवानसिंह चाहर, शशी भारू, जाकीर झुझुनूंवाला, मंडावा कांग्रेस अध्यक्ष आमीन कारी, रामकुमार ढ़ाका, प्रहलाद देवठिया, सुरेन्द्र पूनिया, मुबारिक मुबारिक काजी, पूर्व सरपंच हरिराम कुमास, राजेश कुलहरि, प्रधानाचार्य सुशील बुड़ानिया, पूर्व सरपंच जगदीश पूनिया, पार्षद हरिराम चेजारा, छोटेलाल सैनी, मोतीलाल जोशी, दिनेश खेमाणी , गोपालराम चावरिया, कमल चन्देलिया, सुभाषचन्द्र चन्देलिया सहित सैकड़ो गण मान्य लोग मौजूद थे।



"चाहे कुछ भी हो हम संघर्ष करते हैं। हम चाहे कहीं भी खेल रहे हो, हम लडते हैं। और हम चाहे किसी से भी खेल रहे हों, हम लड़ते हैं। हम हमेशा ऐसा करते हैं।"

-सुनील छेत्री

भारतीय फुटबाल कप्तान, टीम के बारे में

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — शिवम मावी



पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी में छह विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज शिवम मावी अब तीनों प्रारूपों में कैरियर बनाने के लिये इस प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहते हैं। मावी ने 44 रन देकर छह विकेट लिये जिसकी मदद से मध्य क्षेत्र ने अलूर में दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम को पहली पारी में 220 रन पर आउट कर दिया। मावी ने कहा, " मैं पिछले तीन चार साल से लाल गेंद से अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं। उम्मीद है कि टेस्ट मैच खेलने का मौका मिलेगा। मैं सिर्फ एक प्रारूप नहीं खेलना चाहता बल्कि सभी प्रारूपों में खेलने के लिये तैयार रहने की कोशिश में हूं और कडी मेहनत कर रहा हूं।"

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

## गेंदबाजों ने उत्तर क्षेत्र को दिलायी बढ़त

बेंगलुरु, 6 जुलाई। उत्तर क्षेत्र ने गेंदबाजों के संयुक्त प्रयास की बदौलत दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल की पहली पारी में गुरुवार को दक्षिण क्षेत्र पर तीन रन की बढत बना ली। पहली पारी में 198 रन बनाने वाले उत्तर क्षेत्र ने मैच के दूसरे दिन दक्षिण क्षेत्र को 195 रन पर ऑलआउट किया। उत्तर क्षेत्र के लिये वैभव अरोड़ा और जयंत यादव ने तीन-तीन विकेट लिये, जबकि बलतेज सिंह और हर्षित राणा को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। दक्षिण क्षेत्र के लिये सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने सर्वाधिक 76 रन बनाये। उन्होंने इस पारी में 115 गेंद खेलकर 10 चौके जडे। तिलक वर्मा ने उनका साथ देते हुए 101 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन की पारी खेली। मयंक-तिलक ने दक्षिण क्षेत्र के लिये दिन की शुरुआत 63/4 से। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिये 110 रन की साझेदारी की, हालांकि 145 के स्कोर पर मयंक का विकेट गिरते ही दक्षिण की पारी ढह गयी। वाशिंगटन सुंदर (12) और साई किशोर (21) कोई बडा योगदान नहीं दे सके और दक्षिण क्षेत्र ने आखिरी छह विकेट मात्र 50 रन के अंदर गंवा दिये।

# नागवासवाला-सेठ चमके, पश्चिम क्षेत्र की बढ़त 200 के पार

अलुर, 6 जुलाई। अर्ज़न नागवासवाला (74/5) की अगुवाई में गेंदबाज़ों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद सूर्यकुमार यादव (52) और चेतेश्वर पुजारा (50 नाबाद) के अद्धर्शतकों से पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को 241 रन की बढ़त बना ली।

पहली पारी में 220 रन बनाने वाले पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र को मात्र 128 रन पर ऑलआउट कर दिया। नागवासवाला ने पांच विकेट चटकाये, जबकि अतीत सेठ ने तीन और चिंतन गज ने दो विकेट लिये। सूर्यकुमार और पुजारा के अद्धर्शतकों की बदौलत पश्चिम क्षेत्र ने दिन का खेल खत्म होने से पहले तीन विकेट के नुकसान पर 149 रन बना लिये।

पश्चिम ने दिन की शुरुआत 216/8 के स्कोर से की और मध्य क्षेत्र ने बचे हुए दो विकेट लेने में ज्यादा समय व्यर्थ नहीं किया। शिवम मावी ने एक ही ओवर में नागवासवाला (छह) और युवराजसिंह डोडिया (शून्य) को आउट कर पश्चिम की बल्लेबाजी समाप्त की। नागवासवाला ने मध्य क्षेत्र की पारी की शुरुआत विवेक सिंह को पवेलियन लौटाकर की, जबकि चिंतन गज ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हिमांशू मंत्री को आउट किया। अमनदीप खरे (चार) 11 गेंद खेलने के बाद गज का शिकार हुए।

विकेटों के पतन के बीच ध्रुव जुरेल और रिंकू सिंह ने मध्य क्षेत्र की पारी को संबल दिया। ध्रुव ने 55 गेंद पर सात चौकों की मदद से 46 रन बनाये, जबकि रिंकू ने 69 गेंद पर छह चौके लगाकर 48 रन की पारी खेली।

दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 42 रन की साझेदारी हुई जिसे नागवासवाला ने ध्रुव को आउट करके तोड़ा।

रिंकू एक छोर पर खडे रहे, हालांकि दूसरे छोर से विकेटों का पतन जारी रहा। नागवासवाला ने अपना स्पेल समाप्त होने से पहले उपेंद्र यादव और सारांश जैन को भी पवेलियन लौटाया, जबकि सेठ ने सौरभ कुमार, शिवम मावी और आवेश खान के रूप में तीन पुछल्ले बल्लेबाजों के विकेट लिये। अंततः, लंबे संघर्ष के बाद रिंकू भी नागवासवाला का शिकार हुए और मध्य क्षेत्र की पारी 128 रन पर सिमट गयी।

पश्चिम क्षेत्र के बल्लेबाज दूसरी पारी में अधिक आक्रामकता के साथ पिच पर उतरे। पृथ्वी शॉ (26 गेंद, पांच चौके, 25 रन) और प्रियांक पांचाल (21 गेंद, तीन चौके, 15 रन) आक्रामक बल्लेबाजी की कोशिश में आउट हो गये, लेकिन पुजारा और सूर्यकुमार ने अपना-अपना अद्धर्शतक पूरा किया। सूर्यकुमार ने सौरभ कुमार (34/2) का शिकार होने से पहले 58 गेंद पर 52 रन बनाये, जबकि पुजारा 103 गेंद पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे। सरफराज खान (छह नाबाद) पुजारा के साथ क्रीज़ पर मौजूद हैं।

## भारत के खिलाफ टेस्ट में मदद करेगी लारा की सलाह : ब्रेथवेट

एंटीगा (वेस्टइंडीज), 6 जुलाई। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट को लगता है कि 12 जुलाई से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान महान क्रिकेटर ब्रायन लारा की सलाह उनके बल्लेबाजों के लिये काफी मददगार होगी। भारत के खिलाफ तीनों प्रारूपों की श्रृंखला से पहले लारा वेस्टइंडीज टीम से 'परफोरमेंस मेंटोर' के तौर पर जुडे। क्रिकेट वेस्टइंडीज पर ब्रेथवेट ने बयान में कहा, "उनका टीम से जुडना शानदार है।

हमने उनसे अभी तक जो बातचीत की है, उससे हम हमेशा सीखते हैं, वह योजना बनाने में निपुण हैं कि आप किस तरह से स्कोर बनाओगे। उनकी खेल की परिस्थितियों पर सलाह बेहतरीन है और इससे बल्लेबाजों को मदद ही मिलेगी।" लारा इस साल के शुरु में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर टीम के साथ काम कर चुके हैं। ब्रेथवेट ने कहा कि खिलाडियों पर उनका काफी सकारात्मक असर पडता है। दोनों टीमें अपने नये विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत करेंगी।

# विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने वाली आखिरी टीम बनी नीदरलैंड

बुलावायो, 6 जुलाई। नीदरलैंड ने बास डी लीड (पांच विकेट, 123 रन) के उच्चस्तरीय हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत विश्व कप क्वालीफायर के सुपर-6 चरण में गुरुवार को स्कॉटलैंड को चार विकेट से मात देकर मुख्य टूर्नामेंट में जगह बना ली।

स्कॉटलैंड ने जॉर्ज मंसी (106) के शतक की मदद से नीदरलैंड के सामने 50 ओवर में 278 रन का लक्ष्य रखा। नीदरलैंड को एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिये क्वालीफाई करने की खातिर यह लक्ष्य 44 ओवर में प्राप्त करना था। डी लीड ने शतक जडकर नीदरलैंड को 42.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचाकर भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप 2023 में प्रवेश दिला दिया।

डी लीड ने 92 गेंद खेलकर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 123 रन बनाये। उनके अलावा नीदरलैंड का कोई बल्लेबाज अद्धर्शतक भी नहीं जड़ सका। इससे पहले डी लीड ने 10 ओवर में 52 रन देकर स्कॉटलैंड के पांच विकेट चटकाये थे।

डी लीड ऐसे चौथे हरफनमौला हैं जिन्होंने एक ही वनडे मैच में पांच विकेट भी चटकाये और शतक भी जडा। उनसे पहले केवल विवियन रिचर्ड्स (वेस्ट इंडीज), पॉल कॉलिंग्वुड (इंग्लैंड) और रोहन मुस्तफा (संयुक्त अरब अमीरात) ने ऐसा किया है। नीदरलैंड छह अक्टूबर को हैदराबाद में पाकिस्तान के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा। भारत और नीदरलैंड दो नवंबर को मुंबई में आमने-सामने होंगे। नीदरलैंड ने इस जीत के साथ विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में जगह भी बनायी, जहां उसका सामना रविवार को श्रीलंका से होगा।

# विम्बलडन : जोकोविच और स्वियातेक जीते

विंबलडन, 6 जुलाई। विम्बलडन में नोवाक जोकोविच 350वां ग्रैंडस्लैम मैच जीतने वाले रोजर फेडरर और सेरेना विलियम्स के बाद टेनिस के इतिहास में तीसरे खिलाडी बन गए जबकि दो साल पहले की उपविजेता कैरोलिना प्लिसकोवा पहले दौर में क्वालीफायर से हार गई।

छठी रैंकिंग वाले होल्गर रूने ने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी जॉर्ज लोफागेन को 7. 6, 6-3, 6-2 से मात दी। पुरूष वर्ग में सबसे ज्यादा 23 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले जोकोविच ने जोर्डन थाम्पसन को 6-3, 7-6, 7-5 से हराया।

दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टेफानोस सिटसिपास ने 2020 अमेरिकी ओपन चैम्पियन डोमिनिक थीम को 3-6, 7-6, 6-2, 6-7, 7-6 से मात दी।

शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वियातेक ने स्पेन की सारा सोरिबोस टोर्मो को 6-2, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। रूस के तीसरे वरीय मेदवेदेव ने ब्रिटेन के 20 साल के आर्थर फेरी को पहले दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 7-5, 6-4, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियाफो भी विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। नौवें वरीय फ्रिट्ज ने एक सेट से पिछडने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जर्मनी के यानिक हेंफमैन को 6-4, 2-6, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया जबकि टियाफो ने यिबिंग वू को सीधे सेटों में हराया।

## सिंधू, सेन कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

कैलगरी, 6 जुलाई। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाडी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के इस सुपर 500 टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत दर्ज की। चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कनाडा की टालिया एनजी को 21-16, 21-9 से हराया। वहीं सेन ने दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत विदितसर्न को 21-18, 21-15 से मात दी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना अब जापान की नतसुकी निदाइरा से होगा जबकि सेन ब्राजील के वायगोर कोल्हो से खेलेंगे। बी साई प्रणीत को कोल्हो ने 21-12, 21-17 से हराया। रूत्विका शिवाना गाड्डे भी पहले दौर में थाईलैंड की सुपनिदा के से 21-12, 21-3 से हारकर बाहर हो गई।

# तीसरा एशेज टैस्ट: आस्ट्रेलियाई पारी 263 रन पर सिमटी

लीड्स, 6 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने इंग्लैंड की खराब कैचिंग का पूरा फायदा उठाते हुए शतक जड़ा जिससे मेहमान टीम ने तीसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन खराब शुरुआत के बावजूद पहली पारी में 263 रन बना कर आऊट हो गई। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 65 रन पर अपने तीन विकेट खो दिये थे।

पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-2 से पिछड रहे इंग्लैंड ने 85 रन तक ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट झटक लिए थे लेकिन मार्श ने क्रिस वोक्स की गेंद पर जो रूट से मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए शतक जडा। चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर लगभग चार साल में पहला टेस्ट खेल रहे मार्श ने 118 रन बनाए। रूट अगर 12 रन के निजी स्कोर पर लंच के तुरंत बाद मार्श का कैच पकड़ लेते तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 98 रन हो जाता। मार्श ने 118 गेंद की अपनी आक्रामक पारी के दौरान 17 चौके और चार छक्के मारे। चाय से पहले के अंतिम ओवर में वोक्स ने मार्श को जैक क्राउली के हाथों कैच कराके इंग्लैंड को पांचवीं सफलता दिलाई। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। डेविड वार्नर ने स्टुअर्ट ब्रॉड की मैच की पहली गेंद पर चौका जड़ा लेकिन इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर इस तेज गेंदबाज ने उन्हें दूसरी स्लिप में क्राउली के हाथों कैच करा दिया। मैच फिटनेस से जुड़ी चिंताओं के कारण पहले दो टेस्ट से बाहर रहे मार्क वुड ने अपनी तेज गति से बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने शुरुआती तीन ओवर मेडन फेंके और पहला रन 23वीं गेंद पर दिया। वुड ने तेज और स्विंग होती फुल लेंथ गेंद पर सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (13) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया।

## पोलार्ड की सलाह को याद रखना चाहते हैं तिलक

बेंगलुरू, 6 जुलाई। नंबूरी तिलक वर्मा ने बुधवार देर रात वीडियो कॉल पर अपने माता-पिता नागराजू और गायत्री देवी से भारतीय टीम में अपने चयन की खबर साझा की। तिलक ने जब से अपने क्रिकेट सफर की शुरुआत की तभी से यह सपना देखा था और उनका सपना साकार होने के साथ नंबूरी परिवार में भावनाओं का ज्वार उमड आया।

चयन के घंटों बाद भी तिलक की आवाज में इसका उत्साह देखा जा सकता है। उत्तर क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल खेल रहे तिलक ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, "कल मेरी मां और पिता वास्तव में रो रहे थे। मैंने उन्हें वीडियो कॉल की और वे काफी भावुक थे। मेरे कोच (सलाम बायश) की भी यही प्रतिक्रिया थी। वह भी काफी भावुक हो गए थे।" हैदराबाद के 20 साल के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया।

# नम आंखों के साथ तमीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

चटगांव, 6 जुलाई। बंग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 से सिर्फ तीन महीने पहले गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

संन्यास की घोषणा करते हुए भावुक हुए तमीम ने यहां संवाददाताओं से कहा, "यह मेरे करियर का अंत है। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मैं इसी क्षण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। कल अफगानिस्तान के खिलाफ मेरा आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था। यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है, मैं कई कारणों के बारे में सोच रहा था। मैं यहां जिक्र नहीं करना चाहता। मेंने इस बारे में अपने परिवार वालों से बात की है। मैंने सोचा कि यह मेरे लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय है।"

गौरतलब है कि बंगलादेश इस समय अफगानिस्तान के साथ एकदिवसीय शृंखला खेल रही है। अफगानिस्तान ने पहले वर्षा बाधित वनडे में बंगलादेश को 17 रन (डकवर्थ लुइस पद्धति) से मात दी। बंगलादेश ने नये एकदिवसीय कप्तान की घोषणा नहीं की है। शाकिब अल-हसन बंग्लादेश के टी20 कप्तान हैं जबकि लिटन दास टेस्ट क्रिकेट में टीम की कमान संभालते हैं।

तमीम संवाददाताओं से बात करते हुए कई बार भावुक हुए और उन्होंने अपने पिता, अपने चाचा, अपने पहले कोच, अपनी टीम के साथियों और बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद कहा। तमीम ने सिसकते हुए कहा, "मेरे पास कहने के लिये बहुत कुछ नहीं है। एक बात में निश्चित रूप से कहूंगा, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। हो सकता है कि मेरी कोशिश काफी नहीं थी। मैं यह नहीं जानता। लेकिन मैं जब भी मैदान पर उतरा तो अपना 100 प्रयास किया।" उन्होंने कहा "और भी बहुत सी चीजें हैं जो मैं कहना चाहता हूं, लेकिन जैसा कि आप देख सकते हैं मैं बोलने की हालत में नहीं हूं। मुझे उम्मीद है कि आप स्थिति का सम्मान करेंगे।ऐसा क्यों हुआ और क्या हो सकता था, इस बात को यहीं ख़त्म करते हैं। मैंने हमेशा कहा है कि टीम किसी भी व्यक्ति से बडी होती है। शृंखला में अभी दो और मैच खेले जाने हैं। मुझे लगता है हमें जीतना चाहिए। दो प्रमुख ट्रॉफियां भी हैं।"

तमीम ने फरवरी 2007 में वनडे डेब्यू के साथ एक किशोर के रूप मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। उन्होंने उस साल वेस्टइंडीज में आयोजित विश्व कप में भारत के खिलाफ बंगलादेश की यादगार जीत में मैच जिताऊ अर्धशतक भी जड़ा। वह अपने देश के लिये सर्वाधिक एकदिवसीय रन (8313) और शतक (14) बनाने वाले खिलाडी हैं। तमीम ने कहा, "अगर मैं किसी को धन्यवाद देना भूल गया तो मुझे खेद है। जिसने भी मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के रूप में विकसित होने में मदद की है, मैं आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। मेरी मां, मेरा भाई, पत्नी और दो बच्चे।

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के लिये भारतीय भारोत्तोलन टीम घोषित

नयी दिल्ली, 6 जुलाई। दो बार के स्वर्ण पदक विजेता अजय सिंह 12 जुलाई से ठोटर नोएडा में शुरू होने वाली राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेज़बान भारत के अभियान की अगुवाई करेंगे। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। भारत दूसरी बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, जबकि 2015 में पुणे में इसका सफल आयोजन किया जा चुका है। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू अमेरिका में जांघ की चोट से उभर रही हैं और इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगी। राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता जेरेमी लालरिंनुंगा, अचिंता श्युली और बिंदियारानी देवी भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। चैंपियन खिलाडियों की अनुपस्थिति में सभी की निगाहें राष्ट्रमंडल खेल रजत पदक विजेता लवप्रीत सिंह, पूर्व एशियाई चैंपियन झिल्ली डालाबेहेरा और राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता हजिंदर कौर पर होंगी।

## 20 जुलाई से होंगे कुश्ती ट्रायल

नयी दिल्ली, 6 जुलाई। एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) द्वारा एशियाई खेलों के लिए आयोजकों को खिलाडियों के नाम भेजने की अंतिम तारीख बढाने के संबंध में 'अनाधिकृत' आश्वासन दिये जाने के बाद खेलों के लिए भारतीय पहलवानों को 'शार्टलिस्ट' करने के लिए ट्रायल 20 जुलाई के करीब कराये जाने की संभावना है। ओसीए ने एशियाई खेलों के आयोजकों को नाम की प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तारीख 15 जुलाई तय की थी लेकिन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कुश्ती के लिए तदर्थ समिति के प्रयासों से खबरों के अनुसार ओसीए अंतिम समयसीमा बढाने पर विचार कर रहा है। लेकिन अभी तक तदर्थ पैनल के साथ तारीख बढाने की समयसीमा की जानकारी साझा नहीं की गयी है। तदर्थ पैनल के एक सदस्य ज्ञान सिंह ने कहा, "समयसीमा बढ़ाने के संबंध में अभी तक ओसीए से कोई ईमेल नहीं मिला है लेकिन अनाधिकृत तौर पर उन्होंने कहा कि वे नामों की प्रविष्टियां भेजने के लिए तारीख में राहत देने के लिये तैयार हैं। जब तक हमें पुष्टि नहीं मिल जाती, हम नहीं कह सकते कि इसे 10, 12, 15 या इससे ज्यादा दिन के लिए बढाया जायेगा।" उन्होंने कहा "लेकिन प्रक्रिया में ज्यादा देरी किये बिना हम एशियाई खेलों के ट्रायल की तारीख की घोषणा सोमवार (10 जुलाई) तक करेंगे और ये 20 जुलाई के करीब खेले जायेंगे। तदर्थ पैनल ने इन प्रदर्शनकारी पहलवानों को एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल्स से छूट देते हुए इसे एक मुकाबले का कर दिया जिसकी चारों ओर से आलोचना होने लगी।'

## झूलन ने किया विश्व कप ट्रॉफी का स्वागत

कोलकाता, 6 जुलाई। भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी झूलन गोस्वामी ने गुरुवार को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का कोलकाता में स्वागत किया। आईसीसी के ट्रॉफी टूर के तहत यह विश्व कप ट्रॉफी भारत सहित 18 देशों में घूमेगी। झूलन ने ट्रॉफी के कोलकाता पहुंचने पर उम्मीद जताई की रोहित शर्मा की टीम विश्व कप 2011 में भारत के कारनामे को दोहरा सकेगी। झूलन ने यहां खचाखच भरे मॉडर्न हाई स्कूल के छात्रों की उपस्थिति में अपने संबोधन में कहा, "यह एक क्रिकेटर का अंतिम लक्ष्य है।" झूलन ने कहा, एकदिवसीय विश्व कप जीतना हर क्रिकेटर के लिये एक सपने के सच होने जैसा है। जैसे ओलंपिक एक एथलीट के लिये अंतिम प्रतियोगिता है, वैसे ही एक क्रिकेटर के लिये वनडे विश्व कप है। याद है जब धोनी ने छक्का लगाया था और हमने 28 सालों के बाद ट्रॉफी जीती थी और हर तरफ उत्साह था। मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम इस ट्रॉफी को फिर से उठाएगी।" उल्लेखनीय है कि विश्व कप ट्रॉफी टूर ज़मीन से एक लाख 20,000 फीट की ऊंचाई पर अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया था। आईसीसी के अनुसार यह विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा ट्रॉफी टूर होगा जो प्रशंसकों को दुनिया भर के विभिन्न देशों और शहरों में टूर्नामेंट से जुड़ने का मौका देगा।

## मीराबाई चानून चैम्पियनशिप में नहीं जाएगी

नयी दिल्ली, 6 जुलाई। स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू सहित कुछ अन्य स्टार भारोत्तोलक 12 जुलाई से ग्रेटर नोएडा में शुरु होने वाली राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे जिससे मेजबान भारत के अभियान की अगुआई दो बार के स्वर्ण पदक विजेता अजय सिंह करेंगे। भारत दूसरी बार टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, इससे पहले देश ने 2015 में पुणे में इसका सफल आयोजन किया था। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू अमेरिका में चोट के रिहैबिलिटेशन के कारण इसमें नहीं खेलेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता जेरेमी लालरिनुगा, अचिंता शेयुली और बिंदियारानी देवी भी विभिन्न कारणों से टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। टीम इस प्रकार है **पुरुष:** – शुभम टोडकर (61 किग्रा), एन अजीत (73 किग्रा), अजय सिंह (81 किग्रा), अमरजीत गुरु (89 किग्रा), विश्वकर्मा जगदीश (96 किग्रा), हर्षद वाडेकर (96 किग्रा), हरचरण सिंह (102 किग्रा), लवप्रीत सिंह (109 किग्रा) **महिला:** कोमल कोहर (45 किग्रा), झिली डालाबेहडा (49 किग्रा), श्रावणी दास (55 किग्रा), पोपी हजारिका (59 किग्रा), निरूपमा देवी (64 किग्रा), हरजिंदर कौर (71 किग्रा), वंशिता वर्मा (81 किग्रा), पूर्णिमा पांडे (87 किग्रा)

## जयपुर डिस्टिक बैडमिंटन चैंपियनशिप 25 से

जयपुर, 6 जुलाई। जयपुर डिस्टिक बैडमिंटन चैंपियनशिप 25 जुलाई से 1 अगस्त तक होगी जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत ने बताया मैं इसमें 11,13, 15, 17, 19 आयु वर्ग के बालक बालिका व सीनियर महिला व पुरुष ,सिंगल्स,डबल्स और मिक्स्ड डबल्स की प्रतियोगिताएं होंगी प्रतियोगिता से स्टेट चैंपियनशिप के लिए जयपुर टीम का चयन किया जाएगा प्रतियोगिता के सचिव अतुल गुप्ता को नियुक्त किया गया है जिला संघ अध्यक्ष अनिल मेहता ने बताया प्रतियोगिता के चीफ रेफरी के के माथुर तथा मैच कंट्रोलर रवि चौहान होंगे इस प्रतियोगिता की एंट्री की अंतिम तिथि 23 जुलाई होगी एंट्री आप सवाई मानसिंह स्टेडियम बैडमिंटन हॉल जयपुर व विभिन्न सेंटरों पर दे सकते हैं।

## 'भारतीय टीम के साथ अनुभव शानदार रहा'

नयी दिल्ली, 6 जुलाई। भारतीय अंडर-17 टीम के मुख्य कोच के तौर पर राष्ट्रीय टीम से आठ साल का जुडाव समाप्त होने के बाद बिबियानो फर्नांडिज बेंगलुरु एफसी रिजर्व्स से जुड़ गये हैं। फर्नांडिज (46 वर्ष) ने भारतीय अंडर-16 और अंडर-17 टीमों को लगातार तीन सैफ खिताब दिलाने और लगातार तीन बार एएफसी चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई करने में मदद की। बल्कि टीम उनके मार्गदर्शन में 2018 एएफसी अंडर-16 चैम्पियनशिप में ग्रुप सी में दूसरे स्थन पर रही थी जिससे टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंची और फीफा अंडर-17 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से महज एक जीत दूर थी, हालांकि इसमें उसे हार का सामना करना पडा। बिबियानो ने कहा, "भारतीय टीम के सभी तीन 'बैच' में सभी खिलाड़ियों के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा और मैं इन सभी को शुक्रिया करना चाहूंगा कि वे इस खूबसूरत खेल को अपना सर्वस्व दे रहे हैं।"

## खिलाडियों का पीसीबी के मामलों पर नहीं बल्कि क्रिकेट पर ध्यानः बाबर आजम

कराची, 6 जुलाई। कप्तान बाबर आजम ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में चल रह उठापटक का राष्ट्रीय टीम के आईसीसी वनडे विश्व कप और इससे पहले होने वाली श्रृंखलाओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस समय दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों में से एक बाबर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में यह भी कहा कि उनकी टीम महज चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अहम मुकाबले पर ही ध्यान नहीं लगा रही है बल्कि पूरे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। पीसीबी के अधिकारियों और चयन समिति में हालिया बदलाव का असर खिलाड़ियों पर पड़ने के बारे में पूछने पर बाबर ने कहा कि उनका काम क्रिकेट पर ध्यान लगाना है। बाबर ने कहा, "पीसीबी में जो कुछ हो रहा है, हम उस पर ध्यान नहीं लगाते हैं। हम सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान लगाते हैं।

# एशियाई खेलों से पहले डिफेंस में सुधार देखना चाहते हैं सहरावत

बेल्लारी, 6 जुलाई। भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान पवन सहरावत ने सितंबर में चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम के डिफेंस में सुधार की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है।

सहरावत ने इंस्पायर इंस्टिट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में कहा, मुझे अब भी यकीन है कि हमें एक टीम के रूप में अपने रक्षण को सुधारने पर बहुत काम करना होगा। मैं एशियाई चैंपियनशिप के दौरान हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं था। एशियाई खेल अधिक चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। हमें आगामी शिविर के दौरान फिर से ध्यान केंद्रित करने और अधिकतम प्रयास करने की जरूरत है ताकि हम इस प्रतियोगिता में अपने विरोधियों पर हावी हो सकें।" उल्लेखनीय है कि भारत ने हाल ही में सहरावत की अगुवाई में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब जीता। फाइनल में भारत ने ईरान को 42-32 से हराया, जबकि सहरावत ने 10 सुपर रेड करके खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहरावत ने एशियाई चैंपियनशिप फाइनल के अपने व्यक्तिगत अनुभव के बारे में कहा, मैं किसी भी दबाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने देता, मैंने यह सुनिश्चित किया कि मेरा ध्यान खेल पर पूरी तरह से केंद्रित रहे।"

# पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने जका अशरफ़

लाहौर, 6 जुलाई। जका अशरफ़ ने गुरुवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की 10-सदस्यीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया।

पीसीबी ने एक बयान में कहा कि प्रबंधन समिति के प्रमुख के रूप में अशरफ की नियुक्ति से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गयी हैं। पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यालय में आगमन पर नये प्रमुख का स्वागत किया, जहां वह 10 सदस्यीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करने वाले थे।

पाकिस्तान सरकार ने बुधवार को इस 10 सदस्यीय प्रबंधन समिति को मंज़ूरी दी थी। उल्लेखनीय है कि गठबंधन सहयोगी पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) द्वारा प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ पर दबाव बनाये जाने के बाद अशरफ़ को पीसीबी प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। शरीफ के करीबी सेठी को पीसीबी मामलों के संचालन का प्रभार दिया गया था। उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किये जाने की संभावना थी, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच कलह ने उनकी योजनाओं को विफल कर दिया और वह स्वयं ही अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो गये। चार महीने की अवधि के लिये गठित 10 सदस्यीय प्रबंधन समिति में जका अशरफ, कलीम उल्लाह खान, अशफाक अख्तर, मुहम्मद मुसादिक इस्लाम, अजमत परवेज, जहीर अब्बास, खुर्रम करीम सोमरू, ख्वाजा नदीम, मुस्तफा रामदे और जुल्फिकार मलिक शामिल हैं। जका अशरफ ने नवगठित एमसी का प्रमुख नियुक्त होने के बाद पाकिस्तानी समाचारपत्र द न्यूज से कहा, "मुझ पर भरोसा जताने के लिये मैं प्रधानमंत्री (प्रमुख संरक्षक) सहित सभी का आभारी हूं।" अंतर-प्रांतीय समन्वय मंत्रालय (आईपीसी) द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गये सारांश में कहा गया है कि आसन्न अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजनों (एशिया कप, एकदिवसीय विश्व कप) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में प्रमुख निर्णयों के मद्देनजर शीर्ष स्तर पर निर्बाध एवं कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये पीसीबी ने चार महीने की अवधि के लिये एक नयी प्रबंधन समिति के गठन का प्रस्ताव रखा है।

# मीराबाई 95 प्रतिशत फिट, अगले हफ्ते राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में नहीं खेलेंगी

नयी दिल्ली, 6 जुलाई। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने बताया कि ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू डेढ़ महीने पहले लगी जांघ की चोट से 95 प्रतिशत उबर चुकी हैं लेकिन अगले हफ्ते भारतीय सरजमीं पर होने वाली राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं ले पायेंगी।

तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई अभी अमेरिका के सेंट लुईस में डॉक्टर होर्शिंग के मार्गदर्शन में 65 दिन के रिहैबिलिटेशन में हिस्सा ले रही हैं लेकिन वह विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों में शिरकत करेंगी। यादव ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया, "मीराबाई को मामूली चोट लगी थी, वह इसके लिए सेंट लुईस में रिहैब में है। वह अभी 95 प्रतिशत फिट हैं और अच्छी ट्रेनिंग कर रही हैं।" उन्होंने कहा, "करीब डेढ़ महीने पहले मीराबाई ने जांघ में परेशानी की शिकायत की थी। इसलिये हमने तुरंत ही उसे अमेरिका भेजने की तैयारी कर दी।" "मीराबाई पूर्व भारोत्तोलक से फिजियोथेरेपिस्ट और 'स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग' कोच बने होर्शिंग से 2020 से मार्गदर्शन ले रही हैं। महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) 12 जुलाई से राष्ट्रमंडल सीनियर, जूनियर और युवा चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए तैयारी में जुटा है। फिर 28 जुलाई से इसी स्थल पर एशियाई युवा और जूनियर चैम्पियनशिप भी खेली जायेगी। यादव ने कहा, "हमें उसे (मीराबाई) को पेरिस ओलंपिक तक चोटों से मुक्त रखना होगा। उसे 49 किग्रा में कट में जगह बनाने के लिए अपना वजन कम करना होगा। और बार बार ऐसा करना उसके लिए अच्छा नहीं होगा इसलिए वह राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लेगी।"

विश्व चैम्पियनशिप चार सितंबर से रियाध में शुरु होगी और एशियाई खेल 20 से कम दिन बाद चीन के हांगजोऊ में 23 सितंबर से खेले जायेंगे। एशियाई खेल 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट नहीं है और इस मणिपुरी खिलाड़ी की ट्राफियों में सिर्फ एशियाड पदक की कमी है। वहीं 2024 ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम के अनुसार एक भारोत्तोलक का 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इसलिए वह विश्व चैम्पियनशिप से नहीं हट सकती। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन जेरेमी लालरिनुगा को राष्ट्रीय शिविर से बाहर कर दिया गया क्योंकि इस भारोत्तोलक ने अपनी पीठ की चोट के रिहैबिलिटेशन के लिए अमेरिका जाने से इनकार कर दिया और साथ ही उन्होंने एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल्स में भी हिस्सा नहीं लिया। यादव ने कहा, "जेरेमी जब चोटिल हुआ तो हमने उसे सेंट लुईस जाने के लिए कहा। हमने टॉप्स से भी बात की लेकिन उसने जाने से इनकार कर दिया।" उन्होंने कहा, "वह प्रतिभाशाली खिलाड़ी है लेकिन उसने विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिए ट्रायल्स नहीं दिया। इसलिये हमने उसे शिविर से बाहर कर दिया। उसे वापसी करने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।" यादव ने साथ ही कहा, "उसके कुछ अनुशासनात्मक मुद्दे भी रहे हैं।" उन्होंने कहा, "संकेत सरगर (राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता) भी चोटिल थे तो उन्हें भी शिविर से हटा दिया गया। उसका प्रदर्शन भी गिर रहा था। हाल के ट्रायल्स में जूनियर खिलाडियों ने उसे हरा दिया।"



*जर्मनी के ड्रैसडन शहर में मुख्य रेलवे लाइन के पास ''टबैको मॉस्क'' बहुत ही खूबसूरत एवं आकर्षक इमारत है। साठ फीट ऊँची चमकीली गुम्बद और मीनारों वाली यह इमारत ड्रैसडन के ऐतिहासिक पुराने शहर के बरोक आर्किटैक्चर के बीच अलग ही नज़र आती है। लेकिन मस्जिद जैसी अपनी बनावट के बावजूद यह मस्जिद नहीं है। यह असल में एक पुरानी तम्बाकू एवं सिगरेट फैक्टरी है। सन् 1907-1909 के बीच जाने माने व्यवसायी ह्यूगो ज़ीट्ज़ ने यह इमारत बनवाई थी, यैनिड्ज़ टबैको एण्ड सिगरेट फैक्टरी के लिए। कम्पनी का नाम ऑटोमन शहर, वैस्टर्न थ्रेस के नाम पर ''यैनिड्ज़'' रखा गया था, जहाँ से तम्बाकू का आयात किया जाता था। यह शहर इस समय आधुनिक ग्रीस में है। शुरुआत में ज़ीट्ज़ को अपनी फैक्टरी के निर्माण का परमिट मिलने में दिक्कत हुई थी, क्योंकि, उस समय शहर के बीचों बीच फैक्टरी बनाने पर प्रतिबंध थे। इसलिए 1907 में उसने एक आर्किटैक्ट, मार्टिन हाइनरिक हैमिच की सेवाएं लीं। हैमिच ने कायरो नैक्रोपोलिस के मामलू मकबरों की तर्ज पर फैक्टरी को डिज़ाइन किया तथा लाल व सलेटी ग्रैनाइट ब्लॉक्स का प्रयोग किया, जैसा पारंपरिक इस्लामिक आर्किटैक्चर में होता था। लंबी-लंबी मीनारों वाली यह इमारत बिल्कुल मस्जिद जैसी लगती है, लेकिन ये मीनारें असल में चिमनियां हैं। अपने अनोखे डिज़ाइन के कारण, ड्रैसडन के प्रतिष्ठित बरोक आर्किटैक्चर के बीच बिल्कुल अलग नज़र आने वाली इमारत ''यैनिड्ज़'' के डिज़ाइन को शुरु में नकार दिया गया, यहां तक कि, आर्किटैक्ट्स के संगठन से भी मार्टिन ज़ीट्ज़ को बाहर कर दिया गया। पर फिर जीट्ज़ ने जब कहा कि, वह इस शहर से अपना सारा बिज़नैस समेट लेगा, तब प्रशासन झुका और बिल्डिंग बनाने की अनुमति दी। बिल्डिंग दो साल में बनकर तैयार हुई। इस पर अरबी भाषा में ''सलाम आलेकुम'' लिखा हुआ है। फैक्टरी पर लिखे शब्द ''सलाम आलेकुम'' और सिगरेट ब्रैन्ड्स ''सलाम गोल्ड'' जर्मनी में काफी लोकप्रिय हैं। लेकिन यैनिड्ज़ टबैको एण्ड सिगरेट फैक्टरी ज्यादा नहीं चली। पन्द्रह साल बाद किसी और ग्रुप ने इसे खरीद लिया, जिसके बाद यह 1953 तक चली, फिर इमारत को त्याग दिया गया। दूसरे विश्व युद्ध में बिल्डिंग नष्ट होते - होते रह गई। नब्बे के दशक में इसकी मरम्मत हुई और यहां एक ऑफिस खोला गया। अब इसके गुम्बद में एक रैस्राँ चलता है।*

# हाईकोर्ट के आदेश से ओ.पी.एस. लागू करने पर संशय!

## अदालत ने कहा कि उसके अंतिम फैसले तक पेंशन शुरू करने के लिये प्रोविडेंट फंड में राशि जमा करवा चुके सरकारी कर्मचारियों से पूरी राशि नहीं वसूली जा सकती

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 6 जुलाई। राजस्थान हाईकोर्ट ने "ओल्ड पेंशन स्कीम" (ओ.पी.एस.) को मनमाने तरीके से लागू करने के खिलाफ दायर मामले पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश सुदेश बंसल ने कहा कि 15 जुलाई, स्कीम के तहत नाम दर्ज करने की आखिरी तिथि है और सभी सेवारत या रिटायर्ड कर्मचारी इसमें नाम दर्ज करवा सकते हैं, परंतु "सेंट्रल प्रोविडेंट फंड" (सी.पी.एफ.) स्कीम के तहत कवर होने वाले कर्मचारी अगर ओ.पी.एस. का विकल्प अपनाते हैं तो पेंशन शुरू करने के लिये उनकी प्रोविडेंट फंड में जमा पूरी राशि को सरकार द्वारा नहीं वसूला जा सकता।

अदालत ने अपने आदेश में आगे कहा कि जब तक इस याचिका का अंतिम फैसला नहीं आ जाता तब तक राज्य सरकार सी.पी.एफ. स्कीम के तहत कवर होने वाले कर्मचारियों से उनकी प्रोविडेंट फंड में दी गई राशि वसूल नहीं कर सकती।

इस मामले में याचिकाकर्ता कुलदीप शर्मा, जो इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, की ओर से अधिवक्ता चंद्रशेखर सिन्हा पैरवी के लिये पेश हुए थे, वहीं राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पैरवी के लिये पेश हुए।

- **याचिकाकर्ता के अनुसार सी.पी.एफ. स्कीम के तहत कवर होने वाले कर्मचारियों को पेंशन नहीं दी जाती, परंतु ओ.पी.एस. लागू कराने के लिये उन्हें पी.एफ. की पूरी राशि और 12 प्रतिशत ब्याज जमा कराना पड़ेगा।**
- **याचिकाकर्ता ने बताया, ओ.पी.एस. को लागू करने की घोषणा के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को 1 अप्रेल 2023 से ही पेंशन दी जायेगी, जो मनमाने तरीके से तय की गई तिथि है।**

पाठकों को बता दें कि सरकारी कर्मचारियों को सी.पी.एफ.स्कीम के तहत रिटायरमेंट के बाद प्राविडेंट फंड की पूरी राशि दी जाती है। इस स्कीम के तहत कवर होने वाले कर्मचारियों को पेंशन नहीं दी जाती। परंतु गत बजट सत्र में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि वह प्रदेश में ओ.पी.एस. को पुनः लागू करेंगे और तो और सी.पी.एफ. स्कीम के तहत कवर होने वाले कर्मचारियों व रिटायर्ड कर्मचारियों को भी ओ.पी.एस के माध्यम से ही पेंशन देने की घोषणा की। इस घोषणा से मुख्यमंत्री ने विधानसभा में तालियां तो बटोरीं थीं, परंतु जब स्कीम को लागू करने की बात आई तो राज्य सरकार की ओर से नियम बनाया गया कि जो भी सी.पी.एफ. स्कीम के अन्तर्गत आते हैं, उन्हें पेंशन शुरू कराने के लिये अपनी पूरी राशि सरकार को जमा करनी होगी तथा पूरी राशि पर 12 प्रतिशत का ब्याज भी देना होगा।

मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा के अनुसार अगर सी.पी.एफ. स्कीम के अन्तर्गत आने वाले सभी कर्मचारियों को पेंशन शुरू कराने के लिये ना केवल वह राशि पूरी-की-पूरी जमा करानी होगी, परंतु 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा, जबकि रिटायरमेंट पर उन्हें इस भारी दर पर ब्याज नहीं मिलता।

याचिकाकर्ता द्वारा अपनी याचिका में यह तथ्य भी उजागर किया गया है कि ओ.पी.एस. को लागू करने की घोषणा के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को 1 अप्रेल 2023 से ही पेंशन दी जायेगी, जो मनमाने तरीके से तय की गई तिथि है और सरकार ने उन कर्मचारियों के विषय में नहीं सोचा है जो इस स्थिति से पहले रिटायर हो गये थे।

राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अगर सी.पी.एफ. स्कीम के अन्तर्गत आने वाले कर्मचारियों से ब्याज व प्रोविडेंट फंड की राशि नहीं ली गई तो पूरी ओ.पी.एस. स्कीम पर प्रभाव पड़ेगा, जिस पर अदालत ने कहा कि जब तक इस मामले का पूरा निस्तारण नहीं हो जाता तब तक राज्य सरकार यह राशि नही वसूल सकती। अदालत ने सभी सरकारी कर्मचारियों को ओ.पी.एस. स्कीम का फॉर्म भरने की छूट दी है।

## 'छत्तीसगढ़ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

800 दुकानें सरकार द्वारा संचालित हैं लेकिन इनका प्रबंधन एक व्यवसाय संघ (सिंडिकेट) अपने स्टाफ के जरिये करता है। यह शराब घोटाला विपक्ष के लूट-अभियान का प्रमाण प्रस्तुत कर रहा। इसी अभियान के फलस्वरूप दिल्ली के एक पूर्व मुख्यमंत्री जेल में है तथा उन्हें जमानत देने से चार बार इंकार किया जा चुका है। प्रसाद ने कहा कि इस सिंडिकेट को अनवर ढ़ेबर चलाते हैं जो कांग्रेसी मुख्यमंत्री के निकटस्थ रायपुर में मेयर के भाई हैं। इस सिंडिकेट ने राज्य में शराब की अवैध बिक्री के लिये होलोग्राम-युक्त डुप्लीकेट बोतलें तक निर्मित की हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जानकारी में यह बात आ गई है कि इस व्यक्ति ने नया रायपुर, भिलाई तथा मुम्बई में सम्पत्तियाँ खरीदी हैं। अनवर शराब की बिक्री का 15 प्रतिशत हिस्सा अपनी जेब में रखा था तथा इस लूट को राज्य की कांग्रेस सरकार में मौजूद लोगों के साथ साझा किया जाता था।

## हाई कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

2018 से लंबित चल रहा है और उन्होंने अदालत के आदेश पर ही एक्शन प्लान पेश किया है। वह केवल एक्शन प्लान ही नहीं बनाए, बल्कि काम भी करे।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता योगेश टेलर ने कहा कि बरसात के दिनों में करतारपुरा नाला ओवरफ्लो हो जाता है और इसमें आए दिन एक्सीडेंट होते हैं। जिस पर राज्य सरकार ने कहा कि करतारपुरा नाले से अतिक्रमण हटाने व उसके पुनरुद्धार के लिए एक्शन प्लान पेश कर दिया है। नाले के क्षेत्र में खसरे की भूमि भी आ रही है, जिसे अवाप्त करना होगा। वहीं छह महीने की अवधि में नाले का सीमांकन व अलाइनमेंट तैयार किया जाएगा। नाले का कॉरिडोर बनने के बाद नगर निगम की ओर से इसके सीवरेज मैनेजमेंट का काम किया जाएगा, जिस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार को कहा कि वह तेजी से यह काम करे।

## गृह मंत्री की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सकते। इससे पहले भी ओ'ब्रायन तथा सिंह ने बृजलाल को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया था कि मणिपुर के हालात पर चर्चा करने के लिये कमेटी की मीटिंग बुलाई जाये। चेयरपर्सन ने इन दोनों सांसदों को अलग-अलग सूचित कर दिया था कि मणिपुर के हालात पर चर्चा के लिये त्वरित मीटिंग नहीं बुलाई जा सकती, क्योंकि जेल सुधारों को लेकर तीन मीटिंग जुलाई में किया जाना तय हो चुका है। हालाँकि, इस स्टैण्डिंग कमेटी की कुल सदस्य संख्या 28 है लेकिन कल की मीटिंग में, चेयरमैन सहित, कुल 7 सदस्य ही उपस्थित हो सके थे।

## सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली, 6 जुलाई (वार्ता)। मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष की लामबंदी की कोशिशों के बीच हो रहे संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले सरकार ने 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा तथा इस दौरान कुल 17 बैठकें होंगी।

सूत्रों के अनुसार संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को विचार विमर्श के लिए बुलाया है।

- **केन्द्र सरकार ने 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई।**

विपक्षी दलों के तीखे तेवर देखते हुए बैठक में सरकार की ओर से विपक्षी दलों को विश्वास में लेने की कोशिश की जायेगी जिससे कि अधिक से अधिक विधायी कामकाज पूरा हो सके।

# मोदी सरनेम केस में राहुल की याचिका पर गुजरात हाई कोर्ट आज सुनायेगा फैसला

## गुजरात हाई कोर्ट ने अगर राहुल गांधी को मानहानि के मामले में दोषी नहीं माना तो उनकी संसदीय सदस्यता भी बहाल हो सकती है

नई दिल्ली, 6 जुलाई। मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दी गई सजा के खिलाफ गुजरात हाई कोर्ट शुक्रवार (7 जुलाई) को फैसला सुनाएगा। गौरतलब है कि, सूरत की अदालत ने राहुल गांधी दोषी करार देते हुए 23 मार्च को दो साल की सजा सुनाई थी। इसी के खिलाफ राहुल गांधी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दोषी ठहराए जाने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दे दिया गया था। ऐसे में अगर कल राहुल गांधी के खिलाफ आए सूरत की कोर्ट के सजा के फैसले पर रोक लग जाती है। उन पर लगा अयोग्यता का मामला भी पलट सकता है। फ़िलहाल, कांग्रेस नेता को संसद सदस्य के रूप में 2 प्लस 6 साल के लिए निलंबित हैं।

- **गौरतलब है कि, सूरत हाई कोर्ट ने गत 20 अप्रेल को राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुये उन्हें जमानत तो दे दी थी, लेकिन उन्हें दोषी मानते हुये उनकी संसदीय सदस्यता दो साल के लिए निलंबित कर दी थी तथा साथ ही उन्हें छः साल के लिए चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित कर दिया था।**

गौरतलब है कि, इस मामले में राहुल गांधी को जमानत मिल गई थी। इसके बाद उन्होंने अपनी सजा के आदेश को चुनौती देते हुए 3 अप्रैल को सूरत सेशन कोर्ट का रुख किया। उन्होंने अपनी सजा पर रोक लगाने के लिए एक अर्जी भी दाखिल की। राहुल गांधी को जमानत तो मिल गई थी, लेकिन उनकी दोष सिद्धि पर रोक लगाने के उनके आवेदन को 20 अप्रैल को खारिज कर दिया गया था।

गौरतलब है कि साल 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रचार के दौरान अपने भाषण में कथित तौर पर कहा था, सभी चोरों का उपनाम मोदी ही क्यों है? इसको लेकर बीजेपी नेता पूर्णेश मोदी ने सूरत की कोर्ट में उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था।

बता दें कि राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 को एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है?

## ममता बनर्जी एक दम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सफलता से वे सत्ता में आईं। पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के चुनाव का रणनीति के महत्व वे राज्य के अन्य राजनेताओं से बेहतर जानती हैं।

उन्होंने उदारतापूर्वक जो कुछ दिया उससे सामाजिक-राजनैतिक विरासत तैयार हुई। अब यह कहा जा रहा है कि नगरपालिकाओं और पंचायतों ने जो पैसा खर्च किया उससे राजनैतिक व्यवस्था के लिए अवैध फंड बन गया है।

इससे सामाजिक-राजनैतिक वसूली करने वालों की खेप तैयार हो गई जो अपनी मर्जी से तृणमूल कांग्रेस के लिए लड़ते हैं और इन पर शीर्ष नेतृत्व का कोई दखल नहीं है।

ये ज़मीनी कार्यकर्ता अपनी जागीर बचाने के लिए लड़ते हैं, इससे तृणमूल कांग्रेस भी बची रहती है।

तृणमूल कांग्रेस ने ऐसी हिंसा का सहारा लिया कि विपक्षी पार्टियाँ अपने प्रत्याशी भी खड़े नहीं कर पाईं। कई मामलों में तो तृणमूल के स्थानीय गुंडों की धमकी से विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन तक वापिस ले लिए।

लेकिन तृणमूल कांग्रेस की इस व्यापक हिंसा के कारण विपक्षी पार्टियाँ भी अपनी क्षमतानुसार आंशिक हिंसा से जवाब देने लगीं। विपक्षी पार्टियों के लिए दोहरा संकट था क्योंकि राज्य की पुलिस तृणमूल का बचाव करती और अन्य विपक्षी दलों पर कार्रवाई करती है।

लेकिन राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के दखल के बाद हिंसा में कुछ कमी आई। हर राजनैतिक हत्या और हिंसा के मामले में उनके दखल से तृणमूल कांग्रेस की गुंडागर्दी पर कुछ अंकुश लगा। अब ग्रामीण चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के लिए असली खतरा है।

पार्टी ने अब प्रचार अभियान चलाया है कि राज्यपाल आनंद बोस भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं। वह अदालत में भी गई लेकिन कुछ नहीं हुआ।

ऐसी स्थिति में फिलहाल 2024 के चुनाव में भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की राष्ट्रीय स्तर की मांग शांत हो गई है। ममता बनर्जी ग्रामीण चुनावों के बाद इसमें कितनी रूचि लेंगी, यह देखने वाली बात है।

# कन्हैया को सिर्फ एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली

नई दिल्ली, 6 जुलाई। कांग्रेस ने युवा नेता कन्हैया कुमार को अपनी छात्र इकाई एन.एस.यू.आई. का प्रभारी नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कन्हैया कुमार की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

उन्होंने बताया कि कुमार को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा गया है। लंबे समय से कयास लग रहे थे कि कन्हैया कुमार को दिल्ली या फिर बिहार का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हालांकि उनके अनुभव को देखते हुए कई सीनियर नेता इसके पक्ष में नहीं थे। माना जा रहा है कि यह फैसला उनके अनुभव और वरिष्ठ नेताओं की सहमति के आधार पर लिया गया है।

- **कन्हैया कुमार के संदर्भ में लंबे समय से कयास लग रहे थे कि, उनको दिल्ली या फिर बिहार का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है**
- **कन्हैया कुमार के अनुभव को देखते हुए कई सीनियर नेता उन्हें प्रदेश अध्यक्ष जैसा बड़ा पद देने के पक्ष में नहीं थे। माना जा रहा है कि, यह फैसला उनके अनुभव और वरिष्ठ नेताओं की सहमति के आधार पर लिया गया है।**

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान में कन्हैया कुमार को एन.एस.यू.आई. इंचार्ज बनाने की जानकारी दी गई है। पत्र में लिखा गया है, कांग्रेस अध्यक्ष ने कन्हैया कुमार को एन.एस.यू.आई. का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

जे.एन.यू. में छात्र संघ के अध्यक्ष रहे कन्हैया कुमार यूनिवर्सिटी की राजनीति से निकलकर वामपंथी दल सी.पी.आई. का हिस्सा बन गए थे। हालांकि वहां भी उनके मतभेद हो गए थे और फिर उन्होंने पार्टी ही छोड़ दी। कन्हैया कुमार ने राहुल गांधी की मौजूदगी में 2021 में कांग्रेस का दामन थाम लिया था।

# चुनावों में महिला आरक्षण का दुरुपयोग, जीतती हैं पत्नियां और पंचायत चलाते हैं पति

## सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर याचिका को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर होने की बात कहकर सुनवाई से इन्कार कर दिया

नई दिल्ली, 6 जुलाई। पंचायत चुनावों में महिला आरक्षण के दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि महिला आरक्षण होने के चलते पत्नियां चुनाव जीतती हैं लेकिन उनके पति पंचायत चलाते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका में आरोप लगाया गया था कि पंचायतों में महिला आरक्षण का दुरुपयोग किया जा रहा है क्योंकि आरक्षित सीटों पर अपनी पत्नियों के जीतने के बाद पति प्रॉक्सी के माध्यम से ग्राम पंचायत चला रहे हैं।

- **बैंच ने कहा, इस बात पर गौर करना पंचायत राज मंत्रालय का काम है कि, क्या आरक्षण के उद्देश्य को लागू करने के लिए कोई बेहतर तंत्र है ? इस प्रकार याचिकाकर्ता संबंधित पंचायत राज मंत्रालय के समक्ष अभ्यावेदन दे सकता है।**

अनुच्छेद 243डी (3) में महिलाओं के लिए पंचायत में कम से कम एक तिहाई सीटें आरक्षित करने की परिकल्पना की गई है। एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड, स्वाति जिंदल के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि भले ही आरक्षण लागू किया गया है, लेकिन असल में यह एक प्रॉक्सी मॉडल के माध्यम से कार्य कर रहा है, जिसमें इन निर्वाचित महिलाओं के पति पंचायतों का संचालन कर रहे हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए, याचिका में शीर्ष अदालत से रिसर्च कराने करने और दुरुपयोग को रोकने के लिए समाधान प्रदान करने के लिए एक समिति गठित करने की मांग की गई। कोर्ट ने याचिका के तहत कोई नोटिस जारी नहीं किया है। इसे मुंडोना ग्रामीण विकास फाउंडेशन की ओर से दायर किया गया था। हालांकि न्यायमूर्ति एस.के. कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से संबंधित पंचायती राज मंत्रालय के सामने इस मुद्दे को उठाने के लिए कहा है कि क्या आरक्षण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए एक बेहतर तंत्र लागू किया जा सकता है।

## 'पार्टी विधानसभा चुनाव गहलोत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। सचिन पायलट की सबसे बड़ी जीत यह है कि जिन तीन मांगों के लिए वे आंदोलन कर रहे थे उन्हें कांग्रेस नेतृत्व ने स्वीकार कर लिया है। राजे के भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन के लिए मीटिंग में राहुल गांधी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उनकी तारीफ की। राहुल ने कहा, सचिन ने एक दिन का अनशन किया और 5 दिन की यात्रा की, पार्टी को यह मुद्दा उठाना चाहिए और जांच का आदेश देना चाहिए।

अशोक गहलोत हमेशा से इस बात का विरोध करते रहे हैं, वे राजे के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला नहीं उठाना चाहते हैं।

गहलोत से कहा गया है कि वे अन्य दो मांगे भी स्वीकार करें। ये मांगें हैं- आर.पी.एस.सी. में सुधार और पेपर लीक करने वालों को कड़े दंड के लिए कानून बनाना।

राजस्थान के वरिष्ठ नेताओं का आगामी चुनाव तैयारियों और पार्टी को जिताने पर आई.सी.सी. केन्द्रीय नेतृत्व के साथ बैठक हुई। इसमें गहलोत ज़ूम के जरिए शामिल हुए।

मल्लिकार्जुन खड़गे राजस्थान के नेताओं की मौजूदगी में उनके साथ मज़ाक किया और कहा, "गहलोत जी ये पट्टियां उतारिए और चुनाव अभियान में उतरिए।"

खड़गे ने अनुसूचित जाति व जनजाति से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता नहीं दर्शाने के लिए गहलोत से नाराज़गी जताई। राहुल गांधी ने भी गहलोत सरकार के कामकाज की आलोचना की। उन्होंने कहा सरकार अच्छी योजनाएं लाई है, पर नौकरशाही सरकार चला रही है और उसी का सिक्का चलता है। जबकि सरकार में कांग्रेस कार्यकर्ताटों की सुनी जानी चाहिए।

राहुल ने कहा पार्टी तेलंगाना, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जीत रही है, पर राजस्थान में ऐसा नहीं है, यहां कई चिंताजनक मुद्दे हैं। उन्होंने कहा तीन माह बचे हैं अभी भी अगर सब एकजुट होकर काम करे तो भाजपा को हरा सकते है।

सभी नेताओं ने सर्व सम्मति से कहा कि वे साथ मिलकर काम करेंगे, नेताओं ने सभी निर्णय पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिए।

कहा गया कि प्रत्याशियों के चयन में जीतने की क्षमता देखी जाएगी और प्रत्याशियों की घोषणा सितम्बर के आरंभ में हो जाएगी। वेणुगोपाल ने कहा, जीतने वाले प्रत्याशियों के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

राजस्थान में ज़मीनी आकलन यह है कि गहलोत सरकार और पार्टी विधायकों के खिलाफ भारी सरकार विरोधी लहर है। अपने प्रति निष्ठा बनाए रखने के लिए गहलोत ने विधायकों को खुली छूट दे रखी हैं। जीतने के लिए पार्टी को कम से कम 80 विधायकों के टिकट काटने होंगे।

## प्र.मंत्री मोदी ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नड्डा के साथ मुलाकात हो चुकी है। ये मंत्री हैं- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और विज्ञान मंत्री किरण रिजीजू।

मेघवाल, जिन्होंने हाल ही में रिजीजू से कानून मंत्रालय का पदभार ग्रहण किया और भूपेन्द्र यादव दोनों ही राजस्थान के हैं और चर्चा है कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पार्टी उनके नामों पर विचार कर रही है।

लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के दबाव पर पार्टी अभी फैसला नहीं कर पाई है।

राजे चाहती हैं कि विधानसभा चुनाव उन्हीं के दबाव में लड़ा जाए। सूत्रों का कहना है कि राजे के दबाव से बचने के लिए उन्हें केन्द्रीय मंत्री बनाया जा सकता है।

संकेत हैं कि केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को मंत्री पद से हटाया जा सकता है क्योंकि उनका पुत्र दो किसानों को कुचलने के मामले में अभी भी जेल में है। यह मामला दो साल पुराना है।

अटकलें हैं कि उनकी जगह प्रधानमंत्री किसी नए ब्राह्मण चेहरे को मंत्री बना सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी को मंत्री बनाया जा सकता है।

मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिये एक नाम और विचाराधीन है, और यह नाम है जम्मू-कश्मीर के वर्तमान लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा (64) का, जो भूमिहार हैं तथा उत्तर प्रदेश एवं बिहार पर उनकी समान पकड़ है। सिन्हा को केन्द्रीय मंत्रिमंडल से उठाकर, 2020 में जम्मू-कश्मीर भेज दिया गया था।

## 'मैं 82 वर्ष का हूँ या 92 का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विश्वस्त प्रफुल्ल पटेल शामिल हैं।

अजीत की टिप्पणियों ने उनके मुख्य समर्थकों को भी असहज कर दिया है क्योंकि उन्होंने राजनैतिक लड़ाई को व्यक्तिगत बना दिया।

इस टिप्पणी पर सुप्रिया सुले ने भी तल्ख प्रतिक्रिया दी, जो अब तक कह रही थीं कि अजीत पवार का राजनैतिक रूख चाहे कुछ भी हो मगर वे उनके बड़े भाई रहेंगे।

सुप्रिया सुले ने कहा, "कुछ लोग कहते हैं कि जो वरिष्ठ हो गए हैं उन्हें हमें आशीर्वाद देना चाहिए। वे काम करना क्यों बंद करे।

रतन टाटा 86 वर्ष के हैं, सीमर इंस्टीट्यूट के साइरस पूनावाला 84 वर्ष के हैं, अमिताभ बच्चन 82 के हैं।

उन्होंने वॉरेन बफे और फारूख अब्दुल्ला का भी नाम लेते हुए कहा, "हमारा अपमान कीजिए, हमारे पिता का नहीं।"

मीडिया को ब्रीफ करते हुए पार्टी के नेता पी.सी. चाको ने कहा कि बैठक में आठ प्रस्ताव पारित हुए। अजीत पवार के बहुमत के दावे पर शरद पवार ने कहा, "सच सामने आ जाएगा।"

चाको ने कहा कि संगठन पवार के साथ है। "एन.सी.पी. की कार्यकारिणी ने प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और अन्य नौ को निष्कासित करने का निर्णय लिया है जिन्होंने एन.डी.ए. से हाथ मिला लिया। शरद पवार पार्टी के निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

हम अन्य किसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के दावे को गंभीरता से नहीं लेते।

हमारा संगठन सुरक्षित हैं और हम शरद पवार के साथ हैं। हर साल एन.सी.पी. चुनाव करवाती है और लोग नियमित रूप से निर्वाचित होते हैं।

कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्तावों में भाजपा सरकार की अलोकतांत्रिक और गतिविधियों तथा विपक्ष के खिलाफ सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग का विरोध का प्रस्ताव भी शामिल है।

कार्यकारिणी ने केन्द्र सरकार की नीतियों की भी आलोचना की जिससे भयंकर महंगाई, बेरोजगारी एवं महिलाओं की दुर्दशा हुई है।

अजीत पवार और उनके आठ सहयोगियों ने 2 जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार का दामन थाम लिया। पवार को उप मुख्यमंत्री और अन्य को मंत्री बनाया गया है।

इनमें से कइयों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं जिनकी जांच केन्द्रीय एजेंसियां कर रही हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908